CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 17°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 2 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 14 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केन्द्र सरकार मनरेगा को बहाल करे और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए: खड़गे पेज 2



17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर के पास खेल टाइम्स



शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में 90 प्रतिशत घटी जहाजों की आवाजाही पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं।

### बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया

**ढाका।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित बयान को लेकर बांग्लादेश ने कड़ी आपत्ति जताई है। गुरुवार को ढाका ने भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाधे को विदेश मंत्रालय में तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर संयम बरतना जरूरी है और इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणियां दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं।

### मुंबई में 1745 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतर्राष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है।

### ई-कॉमर्स खाद्य नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए एक ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर पर छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार महला के पर्यवेक्षण में की गई। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से मियाद खत्म होने और खराब खाद्य उत्पादों की बिक्री के संबंध में कई उपभोक्ता शिकायतों के बाद उठाया गया।

# होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** भारत में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है। एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार-जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है।

- कहा: 10 हजार भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता, चाबहार रेलवे लाइन का 90 प्रतिशत काम पूरा

## ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

- बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर, सेना ने ट्रम्प को प्लान बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है।

एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक 'छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला' किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय कुछ नए और एडवांस हथियार इस्तेमाल करने पर भी विचार कर रहा है। इनमें 'डार्क ईगल' नाम की हाइपरसोनिक मिसाइल भी शामिल है। यह मिसाइल करीब 2,000 मील (करीब 3,200 किमी) दूर तक निशाना साध सकती है और ईरान के बचे हुए बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को टारगेट कर सकती है। इसके अलावा, बी-1बी लांसर बॉम्बर विमानों की मौजूदगी भी इलाके में बढ़ाई जा रही है।

# चुनाव हुआ खत्म

# कमर्शियल सिलेंडर ₹ 993 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है।





होटलों और रेस्त्राओं में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक ही झटके में 993 रुपये की बढ़ोतरी एक रिकॉर्ड है। स्थानीय करों को मिलाकर दिल्ली में इसकी कीमत अब 2,078.50 रुपये से बढ़कर 3,071.50 रुपये हो गई है। गत 28 फरवरी को पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से अब तक कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दाम में यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले, एक अप्रैल को 195.50 रुपये, सात मार्च को 114.50 रुपये और एक मार्च को 28 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई थी। इसके साथ ही, दो महीने में कीमतों में कुल 1,331 रुपये की वृद्धि हुई है। घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें सात मार्च को 11 महीने बाद 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। फिलहाल दिल्ली में इसकी कीमत 913 रुपये प्रति सिलेंडर है। ईरान पर फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है और कीमतें उछाल पर हैं। सरकार ने फिलहाल राजकोषीय समायोजन के जरिये डीजल और पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में भी वृद्धि सीमित रखी गई है।

**होटलों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर की कीमत अब 2078.50 रुपये से बढ़कर 3071. 50 हुई**

### अब झेलो महंगाई की मार: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को लेकर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई बढ़ेगी और अब वही हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में एक ही दिन में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिसे उन्होंने चुनावी बिल करार दिया।

# अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के भाषण हेट स्पीच नहीं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है।

अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अदालत ने कहा कि हेट स्पीच संविधान की भाईचारे की भावना के खिलाफ है और समाज की नैतिक संरचना को कमजोर करती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी माना कि मौजूदा कानून इस मुद्दे से निपटने के लिए पर्याप्त हैं और नए कानून बनाने की जरूरत नहीं है। यह मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में हुए एंटी-सीएए विरोध प्रदर्शन के दौरान दिए गए कथित भाषणों से जुड़ा था। अनुराग ठाकुर ने जहां देश के गद्दारों को वाली बात कही थी, वहीं प्रवेश वर्मा ने चेतावनी दी थी कि अगर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों को नहीं रोका गया, तो वह आखिरकार घरों में घुसकर बलात्कार और हत्या करेंगे। जिसके बाद सीपीआई (एम) नेताओं बृंदा करात और के एम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 27 और 28 जनवरी 2020 को अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा ने भड़काऊ भाषण दिए थे। इसके बाद उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने अगस्त 2020 में इस शिकायत को खारिज कर दिया था। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 2022 में याचिका को खारिज कर दिया।

### दोनों भाजपा नेताओं को शीर्ष अदालत से मिली बड़ी राहत



### सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें फर्जी दस्तावेज और मानहानि से जुड़े एक मामले में अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दी जाती है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदूरकर की पीठ ने यह राहत कुछ शर्तों के साथ दी। अदालत ने कहा कि यदि खेड़ा की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत दी जाएगी, लेकिन उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खेड़ा जब भी पुलिस बुलाए, उन्हें उपस्थित होना होगा और मामले से जुड़े किसी भी सबूत से छेड़छाड़ या प्रभावित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही, बिना अदालत की अनुमति के वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के पहले के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसमें सभी तथ्यों का सही आकलन नहीं किया गया था और कुछ निष्कर्ष गलत प्रतीत होते हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिले की चंदौसी कोर्ट के आदेश की चुनौती याचिका पर फैसला सुनाते हुए नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने खुली अदालत में यह फैसला सुनाया है। याचिका खारिज होने के बाद अब राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज होगा और आपराधिक केस भी नहीं चलेगा। फिलहाल ऑर्डर अपलोड होने के बाद आगे की चीजें पता चलेंगी। याचिका पर बहस पूरी होने के बाद आठ अप्रैल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सात नवम्बर 2025 को संभल की चंदौसी कोर्ट द्वारा याची की राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी याचिका खारिज हुई थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले वर्ष कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने भाजपा और आरएसएस के साथ-साथ 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज्य) से लड़ने की बात कही थी।

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा का परिणाम जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 2856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया

**प्रयागराज।** उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 93,419 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, जिनमें से 50,795 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कुल 182 पदों के सापेक्ष प्रारंभिक परीक्षा के आधार पर 2,856 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परिणाम पूर्णत: अस्थायी (प्रोविजनल) है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य परीक्षा के कार्यक्रम एवं उसके लिए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं कट-ऑफ अंक अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

### भारत में चीनी दूतावास ने मानसरोवर यात्रा को शुरू करने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत में चीनी दूतावास ने वर्ष 2026 के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा को भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए फिर से शुरू करने का स्वागत किया है। दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। सुश्री जिंग ने अपनी पोस्ट में लिखा कि हमें इस वर्ष 1,000 भारतीय तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए खुशी हो रही है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 650 से ज्यादा प्राचीन कलाकृतियां

## कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह से की गई बरामद

न्यूयॉर्क, वार्ता



- न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया
- भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने अमेरिकी एजेंसियों को सराहा

**अमेरिका ने** भारत को करीब 1.4 करोड़ डॉलर मूल्य की 657 प्राचीन वस्तुएं लौटाते हुए कहा है कि इस एशियाई देश को चुराई गई कलाकृतियां वापस दिलाने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है।

प्राचीन वस्तुएं लौटाने की घोषणा मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। ये वस्तुएं कई तस्करी गिरोहों की जांच के बाद बरामद की गईं, जिनमें कुख्यात कला व्यापारी सुभाष कपूर और दोषी तस्कर नैन्सी वीनर से जुड़े गिरोह भी शामिल हैं। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में भारत को सौंपा गया। ब्रैग ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को निशाना बनाने वाले तस्करी गिरोह का दायरा बहुत बड़ा है। यह 650 से अधिक वस्तुओं की वापसी से स्पष्ट होता है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय, अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सतत सहयोग की सराहना भी की। गणेश प्रतिमा मप्र से लूटी: एक अन्य वस्तु नृत्य करते हुए गणेश की बलुआ पत्थर की प्रतिमा है, जिसे कपूर के सहयोगी रंजीत कंवर ने 2000 में मध्य प्रदेश के एक मंदिर से लूटा था। बुद्ध की 75 लाख डॉलर की मूर्ति: लाल बलुआ पत्थर की 'बुद्ध' प्रतिमा में बुद्ध अपना दाहिना हाथ अभय मुद्रा में उठाए खड़े हैं। इस प्रतिमा के घुटनों के नीचे के पैर टूटे हैं और सिर के पीछे का आभामंडल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। अमेरिका द्वारा लौटाई वस्तुओं में अवलोकितेश्वर की 20 लाख डॉलर की कांस्य प्रतिमा भी शामिल है। शिलालेख में कारीगर का नाम द्रोणादित्य है, जो छत्तीसगढ़ के वर्तमान रायपुर के पास स्थित सीपुर का निवासी था। यह प्रतिमा 1939 में लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने 2012 में सुभाष कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2,42,700 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सकल राजस्व संग्रह अप्रैल 2026 में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल में घरेलू जीएसटी संग्रह 1,85,122 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर जीएसटी राजस्व 57,580 करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमश: 4.3 प्रतिशत और 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष के पहले महीने में जीएसटी के मद में सरकार ने 31,793 करोड़ रुपये का रिफंड भी दिया है जो सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार रिफंड घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2,10,909 करोड़ रुपये पर रहा। इसमें घरेलू संग्रह 0.3 फीसदी की मामूली वृद्धि के साथ 1,65,126 करोड़ रुपये और आयातित वस्तुओं पर 42.9 प्रतिशत बढ़कर 45,784 करोड़ रुपये हो गई।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई हज यात्रियों की आवाज

**लखनऊ।** मध्य पूर्व में चल रहे संकट के कारण विमानन टर्बाइन ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते भारत के हज तीर्थयात्रियों पर इस वर्ष आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसकी वजह से हज यात्रियों के हवाई किराए में वृद्धि कर दी गई है।अब इस मामले पर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हज यात्रा 2026 में हवाई किराए की अचानक वृद्धि से हज यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा 2026 के दौरान विमान ईंधन (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में वृद्धि के कारण हवाई किराए में प्रति हज यात्री 10,000 रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी कर दी गई है।

## शाह के लद्दाख दौरे पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर प्रतिक्रिया में कहा कि श्री शाह शुक्रवार को पिपरहवा के बौद्ध अवशेषों की ष्महिमाष में व्यस्त हैं, जबकि लद्दाख के लोगों की राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची का दर्जा और भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा जैसी अहम मांगों पर चुप्पी साधे हुए हैं। श्री रमेश ने कहा कि लद्दाख में इस तरह के धार्मिक और ऐतिहा. सिक प्रदर्शनों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिससे गृह मंत्री शायद अनभिज्ञ हैं। उन्होंने 14 जनवरी 1949 की एक ऐतिहा. सिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि उस दिन भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र और महा मोग्गलान के पवित्र अवशेष, जिन्हें 1851 में विक्टोरिया और अलबर्ट संग्रहालय ले गए थे, उन्हें वापस भारत लाया गया था।

### मजदूर दिवस पर मुख्यमंत्री की फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी

# काम का दाम नहीं दिया, तो होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए, अन्यथा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'श्रमवीर गौरव कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने



■ श्रमवीर गौरव कार्यक्रम में बोले सीएम पहले होता था श्रमिकों का शोषण, अब नहीं

कहा कि पहले श्रमिकों का शोषण होता था, लेकिन अब सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में नोएडा में हुए श्रमिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनो. रंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सरकार ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री के अनुसार अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी आज से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे करीब 80 लाख लोगों को हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

## यूपी में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में एक हजार विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था है। इन संस्थानों में केंद्रीय, नवोदय और सैनिक विद्यालयों के स्तर के शिक्षक नियुक्त किए गए हैं, ताकि श्रमिकों के बच्चे भी भविष्य में उच्च पदों तक पहुंच सकें।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रशिक्षण कमान का दौरा किया

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी), शिमला के मुख्यालय का दौरा किया और राष्ट्र को सुरक्षित तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवींद्र गुप्ता तथा एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को जीओसी-इन-सी द्वारा एआरटीआरएसी के विकास, सैन्य कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर परिचालन दक्षता बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा एआरटीआरएसी की प्रमुख पहलों



■ प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर की चर्चा

के बारे में जानकारी दी गई।

जीओसी-इन-सी ने ड्रोन प्रशिक्षण को बढ़ावा, विशेष प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उठाए गए कदम, 'रेड टीमिग' की अवधारणा की शुरुआत व सेना में डिजिटलीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। युद्ध की अवधारणाओं , सेना के लिए संसाधन विकास तथा मित्र देशों और सहयोगी सेनाओं के साथ व्यापक सहभागिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## सत्य, अहिंसा व मानवता के मार्ग पर चलें

### बुद्ध पूर्णिमा पर बसपा मुखिया मायावती ने जारी किया संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए गौतम बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और मानवता की ज्योति को पूरे विश्व में फैलाकर भगवान बुद्ध ने भारत को जगद्गुरु के रूप में प्रतिष्ठा और सम्मान दिलाया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके अनुयायियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी जाती है। साथ ही सभी के जीवन में सुख, शांति और सौहार्द बना रहे, ऐसी कामना की। मायावती ने कहा कि गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर लोगों के जीवन को सुखी



और समृद्ध बनाना ही सच्चा राजधर्म है। इसकी सफलता तभी संभव है जब सभी सरकारें अपनी कथनी और करनी में अंतर न रखें तथा जो कहें, वही करें और जो करें, वही कहें। तभी समाज को सही दिशा और प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारों को विशेष रूप से सभी धर्मों के मानने वाले लोगों के जान-माल और उनके मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यही तथागत गौतम बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सिलेंडर महंगे नहीं, रोटी की थाली महंगी: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रीपेड मीटर पर विरोध प्रदर्शन को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार बिजली को लेकर भ्रष्टाचार रैकेट चला रही है, जनता ने चोरी पकड़ ली है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रीपेड मीटर की आड़ में टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल करके जनता को लूट रही है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं, अगली बार ईवीएम तोड़ी जाएगी। इससे पहले लखनऊ में यादव ने कहा कि लोगों ने समय-समय पर जो ज्ञान दिया है, उसमें सबसे बड़ा योगदान भगवान बुद्ध का रहा है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे 15 दिन टोलमुक्त रहेगा

### आमजन को मुफ्त यात्रा का अवसर मिलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को कमर्शियल ऑपरेशन डेट (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत आमजन उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे और आधुनिक एक्सप्रेसवे पर बिना किसी शुल्क के यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 15 दिनों तक टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अवधि में किसी भी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फैसला उस समय प्रभावी हुआ जब इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कंसेशन एग्रीमेंट के तहत प्रोविजनल सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एक्सप्रेसवे की कमर्शियल ऑपरेशन डेट निर्धारित हो गई। इसके साथ ही



■ टोल वसूली स्थगित रखने के निर्देश जारी

एक्सप्रेसवे को आम जनता के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार घोषित कर दिया गया। करीब 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर टोल-मुक्त यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और सुविधाओं से परिचित कराना है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। यह डीबीएफओटी मॉडल पर विकसित किया गया है, जिसमें कन्सेशनैयर्स को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है।

## आंधी-तूफान से नुकसान का 24 घंटे के अंदर मुआवजा पहुंचाएं अधिकारी: सीएम

**लखनऊ।** यूपी में भारी बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली ने पिछले दो दिनों में भारी तबाही मचाई है, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और 24 घंटे के भीतर मुआवजा व राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 16 पशुओं की भी मौत हो गई है. प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं भी दर्ज की गईं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार कई जिलों में खेतों में काम कर रहे किसान, खुले स्थानों पर मौजूद लोग और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को तुरंत बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए और सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। जनहानि, और घायलों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 236882 प्रति किलो

## वित्तीय अपराधों के खिलाफ मजबूत ढाल है ईडी: चौधरी

नई दिल्ली, वार्ता

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

चौधरी ने शुक्रवार को यहां आयोजित 70वें प्रवर्तन दिवस समारोह में ईडी की भूमिका और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईडी देश में वित्तीय अपराधों के खिलाफ एक मजबूत ढाल के रूप में कार्य कर रही है और आम नागरिकों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ईडी को दी गई शक्तियां किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला, बेनामी संपत्ति, बैंक घोटाले और आतंकवाद की फंडिग जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अपराध देश और समाज के लिए कैंसर के समान हैं, जिनसे सख्ती से निपटना

■ नागरिकों के हितों की रक्षा में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका: वित्त राज्य मंत्री

आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ईडी ने लगभग 2.36 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं, जिनमें से करीब 63 हजार करोड़ रुपये वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने इसे एजेंसी की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे बैंकों, निवेशकों और आम लोगों को सीधा लाभ मिला है। श्री चौधरी ने साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और क्रिप्टो करंसी से जुड़े अपराधों को नई चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ इन अपराधों में भी वृद्धि हुई है, जिनसे निपटने के लिए ईडी और अन्य एजेंसियां लगातार समन्वय के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने न्याय प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जांच एजेंसियों को समय पर अदालतों में अभियोजन प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## यात्री वाहनों की बिक्री में अप्रैल में जारी रहा उछाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। यात्री वाहनों में कार, वैन और उपयोगी वाहन आते हैं। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है।

## मदरसा पाठ्यक्रम में सुधार की जरूरत आधुनिक शिक्षा समय की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया उत्तर प्रदेश, कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के जनरल सेक्रेटरी मौलाना दीवान साहब जमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था की है, लेकिन इसमें मदरसा शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया है, जबकि सरकार ने संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को इस योजना में शामिल किया है, ऐसे में मदरसा शिक्षकों को योजना से बाहर रखना दुर्भाग्यपूर्ण है।



बैठक में मदरसा पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम में परिवर्तन आवश्यक है, जो समय और समाज की मांग भी है। इसके लिए जिला स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी और राज्य स्तर पर भी एक कमेटी बनाई जाएगी। इस पर मदरसा बोर्ड को निर्णय लेना चाहिए, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो संगठन स्वयं इस दिशा में पहल करेगा। मौलाना दीवान साहब ने मदरसों में लगातार हो रही जांच पर भी सवाल उठाए और कहा कि अनावश्यक जांच के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और मदरसा संचालकों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, इस पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए ऐसी जांचों पर रोक लगाने की बात कही है। उन्होंने कामिल और फाजिल डिग्री को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि अदालत ने इन डिग्रियों को असंवैधानिक नहीं बताया, बल्कि मदरसा बोर्ड के अधिकार क्षेत्र पर टिप्पणी की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## कमर्शियल एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर बिफरी सीपीआई

### सरकार की नीति ने देश को असुरक्षित छोड़ा

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्यसभा सांसद पी संदोष कुमार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है।

कुमार ने कहा कि यह बढ़ोतरी सरकार की असफल कूटनीतिक विदेश नीति का सीधा परिणाम है, जो वैश्विक ऊर्जा अस्थिरता के बीच भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में नाकाम रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईंधन की आपूर्ति और कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के बजाय सरकार की

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

नीतियों ने देश को असुरक्षित स्थिति में छोड़ दिया है। इसका सीधा असर अब रेस्टोरेंट, ढाबों, छोटे भोजनालयों, हॉस्टल, पीजी आवास और अन्य छोटे कारोबारों पर पड़ रहा है।

कुमार ने कहा कि इस बढ़ोतरी का तत्काल प्रभाव खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों और जीवनयापन के खर्च में वृद्धि के रूप में सामने आएगा, जिससे आम जनता सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान के ठीक एक दिन बाद हुई यह बढ़ोतरी उनकी पार्टी की उस चेतावनी को सही साबित करती है, जिसमें कहा गया था कि चुनाव खत्म होते ही एलपीजी और अन्य ईंधन के दाम बढ़ाए जाएंगे। भाकपा के अनुसार, सरकार का ध्यान जनता के कल्याण पर नहीं, बल्कि चुनावी छवि पर केंद्रित है। पार्टी ने कहा, ष्जैसे ही मतदान समाप्त होता है, सरकार का असली चेहरा सामने आ जाता है और बोझ आम लोगों पर डाल दिया जाता है,ष् श्री कुमार ने इस कदम को ष्शर्मनाकष् बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि ऐसी जनविरोधी नीतियों का देशभर में विरोध किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत इस बढ़ोतरी को वापस ले और आम जनता को राहत प्रदान करे।

## मनरेगा की बहाली और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए केंद्र: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को फिर से शुरू करने और श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।

खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है। इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा 'हायर एंड फायर' जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों



मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया, जिससे राज्य परेशानी में आ गए

के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है। श्री खड़गे ने शिक्षित युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर भी चिंता जताई और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश तथा सरकारी रिक्त पदों को न भरने से रोजगार के अवसर घटे हैं। कांग्रेस ने कामगारों के हित में पांच प्रमुख मांगें दोहराईं। इनमें मनरेगा को पुनः लागू कर शहरी क्षेत्रों तक विस्तार करना, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित करना, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार कानून लागू करना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराना तथा रोजगार में ठेकेदारी व्यवस्था पर रोक लगाने के साथ नए श्रम कोड की समीक्षा करना शामिल है।

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। श्री वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में करीब एक हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर उन करोड़ों लोगों पर पड़ेगा जो छोटे ढाबों और रेस्टोरेंट्स से भोजन पर निर्भर हैं। इसके साथ ही छोटे खाद्य व्यवसायों पर भी इसका अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की आम लोगों की परेशानियों के प्रति संवेदनशीलता केवल चुनावी समय तक सीमित रहती है, जबकि चुनाव खत्म होने के बाद जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों से जारी ईरान युद्ध के चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव की आशंका थी, ऐसे में सरकार को पहले से ठोस योजना बनाकर राहत देनी चाहिए थी। लेकिन सरकार ने सीधे तौर पर कीमतों का बोझ जनता पर डाल दिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर एलपीजी की कीमतों में राहत दे । गौरतलब है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है वहीं 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी शुक्रवार से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है।

# व्यापारी के घर में घुसकर हमला, पीड़ित ने लगाए पलायन के पोस्टर

## पुलिस पर आरोपी से साठगांठ के आरोप, ग्रामीणों ने बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ककरौली गाँव में व्यापारी परिवार के साथ सरेआम मारपीट की जाती है, दुर्व्यवहार होता है और रही सही कसर पुलिस कर देती है। यह बात हम नहीं कह रहे यह पीड़ित परिवार बोल रहा है। सरेआम घर में घुसकर मारपीट और पुलिस द्वारा आरोपी का पक्ष लेने से त्रस्त पीड़ित परिवार ने गांव से पलायन करने का निर्णय लिया। और इसके बाद पीड़ित व्यापारी ने अपने घर पर पलायन का पोस्टर लगा दिया। बात यही नहीं रूकी पीड़ित परिवार के सहयोग में ग्रामीण और अन्य व्यापारी इकट्ठा हुए और उन्होने धरना प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं व्यापारी के पक्ष में गांव का मुख्य बाजार बंद कर दिया गया। पुलिस ने अधिकारियों तक शिकायत न पहुंचे पीडित परिवार को कार्यवाही का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया और परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए।

थाना व गांव ककरौली एक वैश्य परिवार के साथ सरेआम मारपीट, दुर्व्यवहार किया गया। इसका आरोप भाजपा नेता अशोक वर्मा और उसके साथियों पर लगाया जा रहा है। यह मामला इतना तूल पकडगया कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही न होने से नाराज पीड़ित परिवार ने मकान बिकाऊ के पोस्टर चिपका दिए। इतना ही नहीं आसपास भी मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए गए जिसके बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद गांव के सैकण्डों लोग इकट्ठा हुए और उन्होने मुख्य चौक पर इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बाजार भी बंद किया गया और नारेबाजी करते हुए पुलिस के खिलाफ भी नारा. जगी जताई गई। पुलिस पर आरो. पियों का पक्ष लेने का आरोप लगाया गया।

पीड़ित परिवार के नरेश अग्रवाल, शशि अग्रवाल, रूबी अग्रवाल सहित समाज सेवी पूजा ठाकुर ने बताया कि बीते बुधवार को आरोपी अशोक वर्मा उर्फ सोनी नेता तथा उसके परिवार के सदस्य तथा उसका साथी लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुस आये। और अनावश्यक रूप से गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया अरोपी मारपीट करते हुए परिवार के सदस्यों को सड़क पर खींच ले गये।और बीच बाजार मारपीट की।मारपीट की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पीड़ित के अनुसार जब वह थाने में फरियाद के लिये पहुंचे जहां अरोपी ने पुलिस की मौजूदगी में दबंगई दिखाते हुए अपमान जनक भाषा का प्रयोग किया।व जान से मारने की धमकी दे डाली।पुलिस ने पीड़िता शशि अग्रवाल की तहरीर के आधार पर मुख्य अरोपी अशोक वर्मा व उसके पुत्र वासु,हर्ष,अक्की तथा पत्नी कविता, मीणा व एक अन्य ओमपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अशोक वर्मा तथा वासु का शान्ति भंग में चालान कर दिया।

आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित परिवार शुक्रवार को पलायन करने का प्रयास किया।मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने 48 घंटे के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया जिसके बाद बाजार भी खुल गया। वहीं ककरौली गांव में निवास कर रहे वैश्य समाज के एक मात्र परिवार के हुई घटना को लेकर गांव में भारी रोष बना हुआ है। धरने के दौरान ओमपाल सिंह, ऋषिपाल भगत, मिन्टू, रविन्द्र, कामिल प्रधान, नियाज़ मेहदी, राजकुमार काकरान,मौ सालिम कामरेड, लाला जितिन, लाला चुन्नू, भूषण, नरेन्द्र, पुष्पेन्द्र जैन, डॉ. अरविन्द, रईसु, देवेंद्र, गुढ्ढू, नीरज, मा. संजीव आदि मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि दो आरोपियों का चालान किया जा चुका है।घटना की जांच की जा रही है।जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कार पर स्टंट कर रील बनाते हुए मूंछों को दिया ताव

**मुजफ्फरनगर।** नौजवानों के लिए स्टंट शोक बनता जा रहा है। सड़कों पर जान जोखिम में डालकर कभी बाइक तो कभी कार से स्टंट करने की वीडियो लगातार वायरल हो रहे है। ऐसा ही एक मामला नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के बाहर का सामने आया है जहां कॉलेज की ड्रेस में एक छात्र थार की गाड़ी से खतरनाक स्टंट करते हुए रील बना रहा है। वह चलती गाडी का स्टेयरिंग छोडकर मूंछो को ताव देता हुआ छत पर बैठा नजर आ रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिय पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मोरना: घटना से आक्रोशित ग्रामीण धरना प्रदर्शन करते हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को बांटे प्रशस्ति पत्र

## अटल आवासीय परीक्षा के उत्तीर्ण छात्रों के अभिभावक सम्मानित

**शाह टाइम्स संवादादता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित समारोह में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र दिए गए। समारोह में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए समारोह में विशेष रूप से अटल आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न श्रम योजनाओं के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि और स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

विकास भवन सभा कक्ष में आयोजित समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग हमारे राष्ट्र और प्रदेश के आर्थिक व सामाजिक विकास की असली आधारशिला है। उनके अथक परिश्रम की बदौलत ही निर्माण, उद्योग और कृषि जैसे क्षेत्रों में हम प्रगति कर रहे हैं। प्रदेश की समृद्धि में उनका योगदान अतुलनीय है।



कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण, सहायक श्रमायुक्त, विभिन्न उद्योग संगठनों के पदाधिकारी, श्रम संगठनों के प्रतिनिधि सहित भारी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

# एनईएफटी के फर्जी स्क्रीनशॉर्ट से ठगी का खुलासा

**बीए पास युवक गिरफ्तार, दो लाख की नकदी बरामद, साथी फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के अन्य जनपद के थानों के साथ-साथ जनपद मुजफ्फरनगर में भी साइबर ठगी का अपराध जोर पकड रहा है। पुलिस भले ही अपराधियों को सलाखों के पीछे डाल रही है, लेकिन ठगे के मामले नहीं रूक रहे। शुक्रवार को भी एसपी क्राइम के नेतृत्व में साइबर ठगी का मामले का खुलासा किया गया। आरोपी ग्रेजुएट है और उसने व्यापारियों को एनईएफटी भुगतान का फर्जी प्रमाण दिखाकर सामान लिया। और इसी तरह लाखों की ठगी की जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गंभीर बात यह है कि इस तरह के कई मामले ऐसे सामने आ चुके है जिसमें पढ़े लिखे युवक व छात्र साइबर ठगी के अपराध में आरोपी पाए जा रहे है।





शुक्रवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में एसपी क्राइम इन्दू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना पुलिस ने मुजम्मिल पुत्र साजिद निवासी बेहटा हाजीपुर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। उन्होने बताया कि मुजम्मिल ग्रेजुएट है, लेकिन वह साइबर ठगी के मामले में लिप्त पाया गया है। उन्होने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस ने एनईएफटी के माध्यम से फर्जी भुगतान का साझा देकर व्यापारियों को ठगने के आरोप में मुजम्मिल को गिरफ्तार किया गया है और उसके कब्जे से दो लाख की नगदी बरामद की गई है, जबकि उसका साथी अभी फरार है।

उनका कहना है कि एक व्यापारी ने ठगी की शिकायत की थी। जिससे मुजम्मिल और उसके साथी ने एक लाख का कॉपर वायर खरीदा और भुगतान के नाम पर एनईएफटी का स्क्रीनशॉर्ट दिखाकर वहा से रफू चक्कर हो गया था जब व्यापारी के खाते में पैसा नहीं पहुंचा तो पुलिस में शिकायत की जहां इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की गई और आरोपी को बुढ़ाना रोड से गिरफ्तार किया गया जबकि उसका साथी जव्वाद पुत्र शाहबुद्दीन निवासी लोनी गाजियाबाद अभी फरार है। यह गिरोह दुकानों से सामान खरीदते समय एनईएफटी का सांझा देते है और मोबाइल एप के जरिए फर्जी एनईएफटी की रसीद तैयार करके दुकानदार को दिखाकर सामान लेकर फरार हो जाते थे। यह गिरोह बुढ़ाना सहित कई अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की घटना कर चुके है इनके पास से मोबाइल फोन से उन्नीस फर्जी एनईएफटी भुगतान के स्क्रीनशॉर्ट भी बरामद किए गए है।

## बारह वर्ष बाद सिंचाई विभाग के जेई का तबादला

**मुजफ्फरनगर।** सिंचाई विभाग में करीब 12 वर्ष तैनात रहे अवर अभियंता उधम सिंह का तबादला हो गया है। उधम सिंह पिनना राजबाहे सड़क निर्माण में चर्चाओ में आए थे। और उनकी तैनाती को लेकर भी सवाल उठे थे। आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक का कहना है कि सिंचाई विभाग के खण्ड गंगनहर में अवर अभियंता उधम सिंह का जनपद से मेरठ तबादला कर दिया गया। शासन के आदेश पर उन्हे ड्रेनेज खण्ड प्रथम, मेरठ में तैनात किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिनना राजबाहे सड़क निर्माण में उन पर कथित आरोप लगे थे। 23 अप्रैल को उधम सिंह को कार्यमुक्त कर दिया गया था।

# श्रमिकों के हितों की हिमायत में भरी हुंकार

**मजदूर किसान यूनियन ने धरना देकर भेजा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मजदूर किसान यूनियन पार्टी ने मजदूरों के हितों की हिमायत में उतरकर धरना देते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुकर्म पाल कश्यप, राष्ट्रीय सचिव रणवीर सिंह, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मांगेराम कश्यप एडवोकेट, मेहरबान मलिक, नरेश कश्यप, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष जल सिंह फौजी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष संगीता देवी, किरण पाल सहित पार्टी पदाधिकारियों ने मजदूरों की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई। धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में

कहा गया कि मजदूरों को चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारियों के समकक्ष सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके तहत अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम 1200 रुपये प्रतिदिन मजदूरी तथा कुशल व तकनीकी मजदूरों के लिए 1500 रुपये प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित करने की मांग की गई है। साथ ही मजदूरों से प्रतिदिन अधिकतम 8 घंटे ही कार्य लिए जाने की बात कही गई है। पार्टी ने प्रत्येक मजदूर के लिए 10 लाख रुपये का सरकारी बीमा अनिवार्य करने की भी मांग उठाई है। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों को स्थायी करने और ठेकेदारों के अधीन कार्यरत श्रमिकों को संबंधित विभाग या कंपनी का कर्मचारी मानकर सभी सुविधाएं देने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि किसान सम्मान निधि की तर्ज पर मजदूरों को भी 3000 रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि दी जाए। साथ ही प्रत्येक मजदुर के लिए पांच लाख रुपये तक की बैंक लोन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है।

पार्टी पदाधिकारियों ने आशा जताई कि सरकार मजदूरों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी मांगों को पूरा करेगी।



# बड़ी बहन के बाद छोटी को भी दी तीन तलाक

**पीड़िता ने ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ककरोली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला की रहने वाली पीडिता परिवार के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची इस दौरान पीड़िता का परिवार भी साथ था। इस दौरान पीडिता मासूम बच्ची को गोद में लिए हुए थी और रोते हुएबताया कि उसका नाम शाहना है। और उसकी शादी गांव भैसरेहडी थाना छपार निवासी जुल्फिकार के साथ हुई थी। पीडिता का कहना है कि उसकी बडी बहन का निकाह भी उसके जेठ से हुआ था। आरोप है कि उसकी बडी बहन को कुछ समय पूर्व घर से निकाल दिया गया था और बडी बहन के पति ने दूसरा विवाह कर लिया। ऐसा आरोप पीड़िता ने एक तहरीर देते हुए लगाया है।

शहराना के आरोप है कि विगत दिवस उसके पति ने भी उसको अपनी जिन्दगी से अलग कर लिया है।

आरोप है कि उसको भी तलाक जैसे शब्द कहे गए। पीड़िता का कहना है कि तलाक में पति के परिवार के लोग शामिल है और उसकी हत्या का प्रयास किया गया। पीडिता ने अपनी शरीर पर चोटे के निशान भी दिखाए।

# 47 ग्राम प्रधानों पर लग सकता है चुनाव प्रतिबंध

## 4.77 करोड़ का रिकवरी नोटिस मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 25 मई को पूरे हो रहे ग्राम पंचायतों के कार्यकाल से पूर्व वित्तीय अनियमित्ताएं सामने आने के बाद जिला पंचायत राज विभाग ने जनपद 47 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों और संबंधित सचिवों पर कार्रवाई का शिकंजा कसा है। जिला पंचायत राज विभाग ने इन सभी के खिलाफ कुल 4.77 करोड़ रुपये की रिकवरी नोटिस जारी करते हुए समय पर धनराशि जमा न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

दरअसल वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराए गए ऑडिट के दौरान विकास कार्यों में गड़बड़ियां पाई गईं। ऑडिट आपत्तियों के आधार पर संबंधित ग्राम प्रधानों और सचिवों को वसूली नोटिस भेजे गए हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि बकाया धनराशि का निस्तारण समय से नहीं किया गया तो संबंधित ग्राम प्रधान आगामी पंचायत चुनाव लड़ने के पात्र नहीं रहेंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी रेनु श्रीवास्तव ने बताया कि ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए 47 ग्राम पंचायतों के प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी किए गए हैं और उनसे जल्द से जल्द रिकवरी जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## ये ग्राम पंचायतें कार्रवाई की जद में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कार्रवाई की जद में सदर ब्लॉक के मंधेड़ा, बुढ़ाना ब्लॉक के बवाना, हुसैनपुर कला, खानपुर, जौला, जानसठ ब्लॉक के कासमपुर खोला, जीवनपुरी, पुरकाजी ब्लॉक के सिमथल्ला, सुआहेड़ी, अब्दुलपुर, छपार, खोजा नंगला, खेडकी, कसमपुर, बघरा ब्लॉक के अलीपुर खुर्द, बुढ़ीना कलां, बुढ़ीना खुर्द, धनसैनी, ढिढावली, कुटबा, कुटबी, मुकुंदपुर, निरमाना, निरमानी, निवादा चिरौली, अलीपुर कलां, मोहम्मदपुर मार्डन सहित कई ग्राम पंचायतें शामिल हैं।इसके अलावा चरथावल ब्लॉक के अकबरगढ़, चौकड़ा, घिस्सुखेड़ा, कुल्हेड़ी, महाबल. ीपुर, नंगला राई, मुथरा, रोहाना कलां, रोहाना खुर्द, सादपुर, हैबतपुर, खुसरा. ेपुर, लुहारी खुर्द, महमूदपुरा/लकड़संधा, रोनी हरजीपुर, सैद नंगला, दधेड़ू कलां, बेगमपुर, शाहपुर ब्लॉक के आदमपुर तथा मोरना ब्लॉक के चौरावाला गांव के प्रधान और सचिव भी शामिल हैं।रिकवरी नोटिस जारी होने से संबंधित ग्राम प्रधानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में इन प्रतिनिधियों पर चुनावी प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है, जिससे आगामी पंचायत चुनाव पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 28 लाख की ठगी

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथी ने तहरीर देकर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवादादता**

**छपार।** मित्र के परिचित ने एक व्यक्ति से प्लाट बेचने के बहाने लाखों रुपए ठग लिये। रुपए मांगने पर गाली गलौज, जाति सूचक व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी उसके दो भाई व पिता के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

गांव बरला निवासी सत्यपाल ने बताया कि उसका मित्र गांव खामपुर निवासी सईदुज्जमा जो जिला पंचायत सदस्य हैं उसके मकान पर गांव कुल्हेडी थाना चरथावल निवासी सलीम से मुलाकात हो गई। एक दिन उसने कहा कि उसको पैसे की सख्त जरूरत है उसका एक चार सौ गज प्लांट शाहपुर में उसे बेचना है। पीड़ित को प्लाट समझ में आ गया ओर 10 हजार रुपए गज में सौदा तय हो गया। 10 अक्टूबर 2024 को बैनामा करने की बात तय हो गई। पीड़ित ने उसे 3 लाख रुपए ब्याना दे दिया उसके बाद दो बार में 20 लाख रुपए दिये। कुल 28 लाख रुपए उसपर चले गए और कहा कि बाकी रुपयों का इंतजाम होने पर बैनामा करा लिया जायेगा। कुछ दिन बाद उसे बैनामा करने को कहा तो वादे करने लगा। शक होने पर तहसील में पता किया तो शाहपुर में उसका कोई प्लाट नहीं है। तब से ही वह वादे कर रहा है। एक दिन पीड़ित सईदुज्जमा को साथ लेकर उसके घर गया तो उसने गाली गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके दो भाई कासिफ,शमीम व पिता नत्थू ने जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले की जांच सीओ सदर भी कर चुके हैं। पीड़ित ने थाने में चारों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में क्या सच्चाई है यह तो शिकायतकर्ता और आरोप पक्ष जाने? और यह पुलिस जांच का विषय भी है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है अब सच्चाई सामने आना बाकी है।

# वीआईपी नम्बर दिलाने के नाम पर युवक से ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला प्रेमपुरी के रहने वाले गंगन ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र दिया है और बताया कि वह किसान परिवार से है। और उनकी पहचान एक टेलीकॉम हाउस के संचालक सौरभ तनेजा से हुई। सौरभ ने उसको उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जनपद के भूपथ वाला निवासी दक्ष अग्रवाल को मिलवाया। दक्ष वीआईपी मोबाइल नम्बर बेचने का काम करता है। आरोप है कि करीब डेढ साल पहले दक्ष ने उससे स्वंय मुलाकात उसके घर आकर की। और उसको अपने विश्वास में ले लिया। इसी के चलते दक्ष ने सीम कार्ड भेजा जिसके बाद गगन ने दस हजार नगद दिए। इसके बाद वीआईपी नम्बर लेने की इच्छा जताई। दक्ष ने वीआईपी नम्बर दिलाने का वादा कर शामली निवासी अंकित देशवाल से भी डील में सहयोग करने की बात कही। इसके बाद गगन के मौसरे भाई नितिन जोकी गांव बधेह के प्रधान पति का परिचित है। और सभी ने उसको विश्वास में लिया और वीआईपी नम्बर की कीमत दो लाख रूपये तय की गई। इसके बाद अलग-अलग समय में उससे लाखों रूपये लिए गए और कोरियर के माध्यम से सिम कार्ड भेजा गया, लेकिन वह सिम कार्ड एक्टिव नहीं हुआ। जब पैसे वापस मांगे तो उसको धमकी दी जाने लगी। पुलिस ने इस तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सरकारी भूमि पर कब्जे का मुकदमा दर्ज

## गांव दीदाहेडी का मामला, लेखपाल ने कोतवाली में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सदर तहसील के लेखपाल मनोज कुमार ने एक ग्रामीण के विरूद्ध सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला दर्ज कराया है।

इस मामले का संज्ञान पहले ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी ले चुके थे, लेकिन पुलिस को जानकारी होने के बाद भी कब्जाधारी ने एक ही रात में पक्की छत डालकर निर्माण पूरा किया। अब पुलिस आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही में जुट गई है।

शहर कोतवाली में एक तहरीर देते हुए सदर तहसील के लेखपाल मनोज कुमार ने बताया कि ग्राम दीदाहेडी परगना चरथावल में राजस्व अभीलेखों में खसरा संख्या 314 रक्बा 0.6450 हेक्टेयर के रूप में दर्ज है। और सरकारी भूमि के लगभग 100 वर्गमीटर हिस्से पर शईद पुत्र सलामु निवासी दीदाहेडी करीब तीस वर्षो से कब्जा कर रखा है। तहरीर में आरोप है कि उसने पहले कडियों का मकान बनाया, लेकिन इसके बाद उसने पक्की छत के निर्माण का प्रयास किया, लेकिन 25 अप्रैल 2026 को लेखपाल को सूचना मिली कि की रात के समय शईद सरकारी जमीन पर पक्की छत का निर्माण करा रहा है। लेखपाल मौके पर पहुंचे और निर्माण को रूकवाया। अगले दिन भी कार्य को रूकवाने की बात कही गई, लेकिन इसके बाद भी 29 अप्रैल के बाद दोबारा पक्की छत डालने का प्रयास किया गया। इसकी शिकायत नायब तहसीलदार और एसडीएम से की गई।

लेखपाल ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। आरोप है कि निर्माण रात के दो बजे शुरू किया गया और रूहाना चौकी पर शिकायत के बाद निर्माण रूकवाया गया, लेकिन इसके बाद भी पक्की छत डालने का प्रयास किया गया। अब कोतवाली पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

# मजदूर दिवस पर असंगठित मजदूरों के साथ हीटवेव पर जागरूकता अभियान आरम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (1 मई) के अवसर पर खेतिहर मजदूर यूनियन मुज़फ्फरनगर के तत्वावधान एवं एक्शन एड एसोसिएशन, लखनऊ के सहयोग से बघरा ब्लॉक में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभावष विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जलवायु परिवर्तन एवं हीटवेव का मजदूरों के जीवन पर प्रभाव पर जागरूकता हेतू 6 राज्यों में आज एक संयुक्त अभियान की शुरुआत की गई।

यूनियन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता कमर इंतखाब ने बताया कि मुज़फ्फरनगर में मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम एवं समान वेतन, तथा श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है एवं उन्हें श्रमिक कार्ड पंजीकरण, ई-श्रम एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ रहे है।

ज़िला विधिक सेवा प्राधिक. ारण से गौरव मलिक ने कहा कि आज असंगठित मजदूरों में नेतृत्व क्षमता विकसित हो रही है। सम्मेलन के दौरान मजदूरों ने अपने अनुभव साझा किए। अमीरनगर की लक्ष्म ने बताया कि अत्यधिक गर्मी में काम करना दिन-प्रतिदिन जानलेवा होता जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में मजदूरों द्वारा जिलाधिकारी के नाम एक सामूहिक मांगपत्र तैयार किया। जिसमें मांग की गई कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक सभी बाहरी श्रम कार्यों (निर्माण आदि) पर अस्थायी रोक लगाई जाए। सभी कार्यस्थलों पर स्वच्छ पेयजल, छाया (शेड) एवं प्राथमिक उपचार की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, नियमित विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।लू से प्रभावित मजदूरों के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त एवं प्राथमिकता के आधार पर इलाज उपलब्ध कराया जाए। हीटवेव के कारण मृत्यु या गंभीर रूप से प्रभावित मजदूरों को कम से कम 5 लाख का मुआवजा दिया जाए। श्रम विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी नियोक्ता हीटवेव सुरक्षा मानकों का पालन करें। मनरेगा एवं अन्य सरकारी योजनाओं में कार्य समय को बदलकर सुबह और शाम के समय कार्य कराया जाए। जिला प्रशासन द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मजदूरों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए। सम्मेलन में विभिन्न मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के समेत यूनियन कार्यकर्ता, रेशमा, कविता, साहिल, गीता, लक्ष्मी, दीपा, मीनाक्षी, निशु, राखी, अनु आदि रहे।

# खेतों के पास से मिले कई पशुओं के कंकाल

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में खेतों के पास गौ बछड़ों और भैंस के हड्डी कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। बड़ी मात्रा में जानवरों के अवशेष देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

लोगों ने इसे अवैध पशु कटान से जोड़ते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में खतौली मार्ग के नजदीक खेतों के पास गौ बछड़ों और भैंस की हड्डियां व कंकाल पड़े मिले। सूचना आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्थान पर लंबे समय से जानवरों की हढियां इकठा की जाती रही हैं। आसपास के गांवों में अवैध रूप से पशु कटान के बाद उनके अवशेष यहां लाकर फेंक दिए जाते हैं। बाद में हढियों को गाड़ियों में भरकर बाहर भेजा जाता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यहां हड्डियों का बड़ा अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि इतने लंबे समय से चल रहे इस खेल पर न तो पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की और न ही किसी स्तर पर प्रभावी विरोध हुआ। प्रशासन की अनदेखी के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। प्रखंड संयोजक आशु त्यागी ने घटना पर रोष जताया। संगठन ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों को पकडने की मांग की है।

# भैसाना चीनी मिल के यूनिट हेड ने किया खेतों का दौरा



**बुढ़ाना।** गन्ना किसानों को कीट रोगों से बचाने के लिए भैसाना चीनी मिल प्रबंधन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को यूनिट हेड चंद्रवीर सिंह ने मिल गेट क्षेत्र के गांव बिटावदा, मिण्डकाली, सठेड़ी एवं गढ़ी सखाव. तपुर में खड़ी गन्ने की फसल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान खेतों में टॉप बोरर, स्मट, ब्लैक बग और अलह्व शूट बोरर का प्रकोप पाया गया। यूनिट हेड चंद्रवीर सिंह ने किसानों को मौके पर ही कीट एवं रोगों की पहचान कराते हुए बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ने की फसल में टॉप बोरर की पहली पीढ़ी सक्रिय है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो दूसरी पीढ़ी का प्रकोप कई गुना बढ़ जाएगा जिससे पैदावार और गुणवत्ता दोनों पर बुरा असर पड़ेगा। श्री सिंह ने किसानों से अपील की कि टॉप बोरर से ग्रसित गन्ने के शूट को जमीन की सतह से काटकर तुरंत नष्ट कर दें या पशुओं के चारे में प्रयोग करें। ऐसा करने से तितलियां अंडे नहीं दे पाएंगी और कीट का जीवन चक्र टूट जाएगा। इससे बिना दवा के भी प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने स्मट व ब्लैक बग के लक्षण और रोकथाम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान यूनिट हेड ने साथ मौजूद गन्ना अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गांवों में किसान गोष्ठी कर जागरूकता अभियान चलाया जाए और प्रभावित खेतों की लगातार निगरानी की जाए। किसानों को समय-समय पर तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर गेट इंचार्ज अनिल सिंह, अधिकारी गन्ना कमल मलिक व फील्ड सुपरवाइजर रविकांत शर्मा सहित मिल का स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। मिल प्रबंधन ने किसानों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत गन्ना विभाग या मिल के फील्ड स्टाफ से संपर्क करें ताकि समय रहते फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

# मोरारी बापू के शुकतीर्थ पहुंचने पर बना वातावरण राममय

**मुजफ्फरनगर।** कथावाचक मोरारी बापू आज लगभग 12रू45 बजे हेलीकॉप्टर से शुकतीर्थ पहुंच चुके है। शुकतीर्थ पहुंचने पर राम कथा समिति ने मोरारी बापू का भव्य स्वागत सम्मान किया। मोरारी बापू शुकतीर्थ में पहुंचते ही वटवृक्ष पर गये, स्वामी कल्याण देव की समाधि पर पुष्पांजलि की एवं गंगा आचमन किया। मोरारी बापू ने पूरे शुक्रताल का भ्रमण करके हर व्यवस्था को स्वयं जांचा परखा। तेज गमह्व की परवाह किये बगैर बापू अनेको कार्यक्रताओ व आम जनमानस से मिले। साथ ही शुकतीर्थ के विकास के लिए सुक्षाव मांगे।

कथा आयोजक युगांडा के चेतन भाई, पिंकी, प्रदीप जिंदल, जैनेन्द्र गर्ग, दिलीप पुणे वाले, सत्यप्रकाश रेशू ने मोरारी बापू का स्वागत किया। जैसा कि विधित है कि राम कथा में भक्तो के बड़ी संख्या में पहुंचने की संभवना है। समाचार पत्रो एवं सोशल मीडिया के माध्यम से रामभक्तो में एक नई लहर आ गई है। जिसके कारण अनगिनत फोन राम कथा समिति के पास अनेको प्रश्नो की साथ आ रहे है। राम कथा समिति मोरारी बापू के मार्गदर्शन में हर फोन का सम्मान जनक उत्तर दे रही है। ताकि भक्तो को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। राम कथा 2 मई को सायं 4 बजे से 7 बजे तक शुकदेव आश्रम के ऐसी पंडाल में रहेगी।शुक्रताल की गंगा धारा में कुछ जल 29 अप्रैल को छोड दिया गया था। आज सत्यप्रकाश रेशू ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग के विकास त्यागी से कहकर एक धार ओर बढ़वा दी है। इस प्रकार गंगा में अब पर्याप्त जल हो गया है।

प्रशासनिक स्तर पर भी कुछ अधिकारियो ने बापू से मिलकर आशह्वाद व मार्गदर्शन लिया। सत्यप्रकाश रेशू ने बताया कि कथा का निमंत्रण आमजनो से लेकर विशिष्ट लोगो की साथ - साथ



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजा गया है। बारिश व तेज आंधी से आये सभी नुकसान पर पकड़ कर ली गई है। हवा व बारिश से हुये नुकसान को ध्यान में रखते हुये हर व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत कर लिया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फुगाना/बुढ़ाना।** शामली जनपद के गांव काबड़ौत निवासी 26 वर्षीय हिमांशु शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बाइक से मेरठ जा रहा था। जब वह करौदा महाजन गांव के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हिमांशु बाइक समेत सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया।कार चालक मौके पर रुका नहीं और गाड़ी समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल हिमांशु को सीएचसी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फुगाना पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मौके पर जांच की गई है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# सोलर लाइट लगवाने के साथ लगा दिया स्मार्ट मीटर

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्मार्ट मीटर लगने के बाद एक परिवार परेशान है। आरा. प है कि सौर ऊर्जा लाइट लगवाने के दौरान बिना जानकारी के घर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिया गया।

अब ज्यादा बिल आने और अचानक बिजली गुल होने से परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया है। मौहल्ला मिर्दगान निवासी नूर आलम पुत्र अच्छन सिद्दीकी ने बताया कि कुछ लोगों के कहने पर उन्होंने अपने घर पर सोलर लाइट लगवाई थी। उसी दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उनके घर पर पुराना मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिया। नूर आलम का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली का बिल पहले से कई गुना ज्यादा आने लगा है। प्रीपेड मीटर होने के कारण रिचार्ज खत्म होते ही बिजली चली जाती है। कई बार रात में अचानक लाइट चली जाती है और रिचार्ज कराने का विकल्प भी नहीं रहता। पीड़ित ने बताया कि घर में छोटे बच्चे और महिलाएं हैं। भीषण गर्मी में बिजली जाने से सभी बिलबिला जाते हैं। न तो पंखा चल पाता है न ही दूसरे जरूरी काम हो पाते हैं। रात रात भर जागकर गुजारनी पड़ती है। नूर आलम ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों से शिकायत की लेकिन हर बार सिर्फ आ्रवासन ही मिला। आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। अब उन्होंने स्मार्ट मीटर हटवाकर पहले वाला पुराना मीटर दोबारा लगाने की मांग की है। मौहल्ले के लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से कई परिवार परेशान हैं। रिचार्ज की झंझट और ज्यादा बिल आम आदमी की कमर तोड़ रहा है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की बजाय उपभोक्ता की सहमति ली जाए और बिलिंग व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। फिलहाल नूर आलम का परिवार बिजली कटौती और बढ़े बिल से जूझ रहा है और विभाग से जल्द राहत की उम्मीद लगाए बैठा है।

# विधिक प्राधिकरण सचिव ने किया मूट कोर्ट का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, के प्रांगण में सत्येन्द्र चौधरी, सिविल जज (सी0डी0) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मु0नगर का आगमन हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा के द्वारा बुके भेंट करके उनका स्वागत किया गया। सचिव द्वारा महाविद्यालय में संचा. लित विधिक सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ में विधिक सेवा केन्द्र नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इसमें महाविद्यालय के ऐसे सदस्य, विद्यार्थी जिन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तथा सामाजिक सदस्यों को प्रवक्ताओं तथा विशेषज्ञों द्वारा विधिक सेवा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर व्यक्तियों को जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सेवा कैंप का आयोजन किया जाता है तथा महाविद्यालय प्रांगण में विधिक समस्याओं से संबंधित कार्यशालायें समय-समय पर आयोजित की जाती है। विद्यार्थियों समय-समय पर लोक अदालत भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। इन सभी कार्यो से सम्बन्धित दस्तावेजों का सचिव द्वारा निरीक्षण किया गया तथा कार्यो को अच्छा पाये जाने पर महाविद्यालय की सराहना की गयी।

सचिव के द्वारा महाविद्यालय के मूट कोर्ट का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात उन्होंने विधि के छात्रों तथा डीएलएसए स्वंय सेवकों को न्यायालय वाद सम्बन्धित प्रक्रिया के विषय में बताया गया तथा यह भी बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण केन्द्र समाज को विधिक सहायता प्रदान करने में कैसे कार्य कर रहा है तथा छात्र भी इसकी सहायता से समाज के कमजोर वर्गो के अधिकारों की रक्षा करने में समर्थ हो सकते है महाविद्यालय में डी0एल0एस0ए0 कार्यो के विषय में प्रवक्ता सोनिया गौड़ के द्वारा सचिव को लीगल एईडी क्लीनीक के कार्यो की जानकारी प्रदान की गयी। अंत में अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्रवक्ता संजीव कुमार, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, अक्षी कश्यप, मिनी सिंघल, ब्विवेन्द्र पंवार, आशीष कुमार, डॉ0 नाहिद अंजुम, विनय तिवारी व त्रिलोकचन्द का सहयोग रहा।

## नगर कार्यकारिणी व वार्ड अध्यक्ष हुए घोषित

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष आजम फारुकी ने अपनी नगर कार्यकारिणी और नगर पंचायत के कुल 15 वार्डो के नये अध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। जिनमें वार्ड नंबर 1 का अध्यक्ष आस मोहम्मद, वार्ड नंबर 2 का अध्यक्ष नफीस अंसारी, वार्ड नंबर 3 का अध्यक्ष तैय्यब सैफी, वार्ड नंबर 4 का अध्यक्ष असलम खान, वार्ड नंबर 5 का अध्यक्ष जुनैद सिद्दीकी, वार्ड नंबर 6 का अध्यक्ष कल्लू कुरैशी, वार्ड नंबर 08 का अध्यक्ष आबिद अब्बासी, वार्ड नंबर 9 का अध्यक्ष समी अब्बासी, वार्ड नंबर 10 का अध्यक्ष मौ. आरिफ, वार्ड नंबर 11 का अध्यक्ष शोयब सिद्दीकी, वार्ड नंबर 12 का अध्यक्ष नूर आलम, वार्ड नंबर 13 का अध्यक्ष इस्लाम कुरैशी, वार्ड नंबर 14 का अध्यक्ष अब्दुल कय्यूम, वार्ड नंबर 15 का अध्यक्ष आमिर रंगरेज़ और वार्ड नंबर 16 का अध्यक्ष वासिम वीरांगना को बनाया है। इसके अलावा बुढाना नगर कार्यकारिणी में काजी नदीम को उपाध्यक्ष, शाहवेज मलिक, चांद सिद्दिकी और असलम राइन को बुढाना नगर महासचिव, इरफान सिद्दीकी को संगठन मंत्री, आमिर सूफीजी, इरशाद सिद्दीकी, इफ्तेखार, फैजुल सलमानी, समी उल्लाह, शहजाद रहमानी, अमजद पठान और अब्दुल वहाब को बुढाना नगर सचिव बनाया गया है।

# 11 मई को होगा आत्म बोध चेतना के पुष्प पुस्तक का विमोचन

**दिव्य ध्यान योग आश्रम में हुई समीक्षा बैठक**

**मुजफ्फरनगर।** पचेंड़ा रोड स्थित मौहल्ला राधिकापुरम में दिव्य ध्यान योग आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आश्रम के प्रमुख स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज द्वारा लिखित पुस्तक आत्म बोध चेतना के पुष्प के विमोचन कार्यक्रम एवं उनके तृतीय दीक्षा दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता संजय मिश्रा ने आगामी 11 मई को आयोजित



होने वाले विशेष कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भव्य और आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन पुस्तक विमोचन कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे,

जिनमें पंडित ऋषभदेव शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, रमन शर्मा, रवि शर्मा, संजय गौतम, सतेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, नितिन कुमार और पंकज शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। आश्रम में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

# पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**बुढ़ाना।** प्रदूषण मुक्त वातावरण व हरियाली के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुढ़ाना में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया।

समाजसेवी संस्था निर्विका फाउंडेशन ने ब्विव पृथ्वी माह के समापन पर पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय व कन्या जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में स्टूडेंट्स संग मिलकर छायादार व जीवनदायिनी पौधे रोपे। यहां संस्था के सदस्यों व स्कूली बच्चों ने स्कूल प्रांगण में नीम, पीपल, पिलखन, चंपा समेत कई प्रजातियों के पौधे लगाए। ये सब पौधे न केवल घनी छाया देते हैं बल्कि वायु को शुद्ध करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चों ने पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। निर्विका फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक राठी ने कहा कि पेड़ पौधे



हमारे सच्चे मित्र हैं। ये बिना कुछ मांगे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, फल, फूल व छाया देते हैं। पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवित रहने की पहली शर्त है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने जन्म दिन, सालगिरह या जीवन के हर विशेष अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। जब तक धरती हरी भरी है तभी तक मानव का अस्तित्व सुरक्षित है। यहां संस्था की उपाध्यक्षा ऊषा राठी, पूर्व प्रधानाचार्या संतोष देवी, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र मलिक, सुशील सैनी, मनोज सहरावत, वीना कुमारी, हर्ष चौधरी व अरुण समेत स्कूल का स्टाफ व स्टूडेंट्स मौजूद थे। सबने पर्यावरण बचाने व ज्यादा पौधे लगाने की शपथ ली। यहां बच्चों को पौधों के महत्व व उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

# पट्टे की जमीन पर विवाद गहराया, युवक की चेतावनी से प्रशासन अलर्ट

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भूपखेड़ी में पटे की जमीन को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। गांव के एक दलित युवक ने दबंगों पर कब्जे का आरोप लगाते हुए कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दे दी, रतनपुरी थाना क्षेत्र के भूपखेड़ी निवासी तरसपाल पुत्र अशोक पाल ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि खसरा संख्या 156/2 की 0.2560 हेक्टेयर भूमि उसके पिता के नाम पटे पर दर्ज है, जिसमें उसका हिस्सा 0.0512 हेक्टेयर है। पीड़ित के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को वह अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था, तभी गांव के ही कुछ लोग मौके पर पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए काम रुकवा दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।तरसपाल का कहना है कि खतौनी में नाम दर्ज होने के बावजूद दबंग जबरन जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। उसने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पुलिस व राजस्व टीम की मौजूदगी में कब्जा दिलाने की मांग की है। परिवार ने भी किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई है। युवक की आत्मदाह की चेतावनी के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी और थाना प्रभारी की टीम तत्काल गांव पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पीड़ित को समझाकर शांत किया और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# संतोषी माता का दसवां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया



**पुरकाजी।** कस्बे के मोहल्ला कानून गोयान हिन्दू मे प्राचीन शिव मंदिर में मां संतोषी का दसवां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसके अजमान ब्रजकिशोर गुप्ता व उनकी पत्नी अक्षम गुप्ता रही।

पंडित प्रदीप कौशिक ने हवन पूजन यज्ञ कराया यज्ञ में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु आए और हवन में आहुति देकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया वहीं ब्रज किशोर गुप्ता ने बताया कि मंदिर जो भी भक्त यहां सच्चे मन से मां संतोषी के दरबार में आता है मां उसकी मनोकामना पूर्ण करतीं है। इस अवसर पर ब्रजकिशोर गुप्ता, रमेश गोयल, डाक्टर भोपाल राठी, अर्जुन गुप्ता, सोनु मितल, दीपक राठी, राहुल गुप्ता ,सशीत, मोहित गोयल, हिमांशु कोशिक, अंकुर गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, नन्द किशोर धिमान, धर्मेन्द्र मित्तल, चोधरी सुकिंदर, सत्येन्द्र शर्मा सैकड़ो श्रद्धालु मोजुद रहे

# मंसूरपुर क्षेत्र में किसान के घेर से तीन गाय चोरी

**गांव मौरकुक्का की घटना, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव मौरकुक्का में किसान के घेर से दिनदहाडे तीन गाय चोरी कर ली गई। दिनदहाडे पशु चोरी की घटना से गांव में दहशत के साथ आक्रोश भी बना है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है। किसान का कहना है कि पशुओं की कीमत लाखों रूपये की है।

मंसूरपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मौरकुक्का के किसान विकास पुत्र सुरेश पाल ने अपनी पांच गायों को सवेरे करीब आठ बजे चारा खिलाने के बाद घेर में बांध दिया था। घटना तीस अप्रैल की है जब दोपहर करीब बारह बजे वह अपने पशुओं के पास घेर में पहुंचा तो यहां तीन गाय गायब थी। किसान ने अपनी गाय की तलाश की। किसान के घेर से दिनदहाडे तीन गायों की चोरी होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। डायल 112 की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की, लेकिन न तो गायों का पता लगा और न ही अभी तक पुलिस इस संबंध में पशु चोर गिरोह का पता लगा सकी है।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मै और मेरा भाई संजीव एक साथ रहते है जबकि मेरा तीसरा भाई सोनू पुत्र तेजराम मुझसे व मेरे भाई से अलग रहता है उसका अलग मकान है। उसका हिस्सा माता-पिता ने अलग कर दिया था। हमारी सोनू से बोलचाल भी नही है। मेरा भाई सोनू आये दिन भाईयों के साथ गलत व्यवहार करता है व लडाई झगडा व अपराधिक कार्यो में लिप्त रहता है जिसके चलते मैने अपने भाई सोनू से अपने सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर लिये है। आज के बाद सोनू के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। सोनू स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कुलदीप पुत्र तेजराम निवासी ग्राम करवाडा थाना तितावी ज़िला मुजफ्फरनगर**

# विकास कार्यों का हिसाब न देने पर बुढ़ाना की 4 ग्राम पंचायतों में मचा हड़कंप

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** विकास कार्यों में सरकारी धन के दुरुपयोग पर जिला पंचायत राज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बुढ़ाना ब्लाक की चार ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिवों को 2 करोड़ 36 लाख 72 हजार 84 रुपये की रिकवरी के नोटिस जारी किए गए हैं। वर्ष 2022- 23 में कराए गए विकास कार्यों का प्रमाण सहित हिसाब नहीं देने पर यह कार्रवाई की गई है। नोटिस के बाद ब्लॉक की पंचायतों में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का प्रधान और सचिव को ऑनलाइन व ऑफलाइन ब्यौरा देना अनिवार्य है। विभागीय आडिट के दौरान सामने आया कि बुढ़ाना ब्लॉक की चार ग्राम पंचायतों ने वित्तीय वर्ष 2022- 23 में हुए खर्च का पूर्ण ब्यौरा विभागीय पोर्टल पर अपलोड नहीं किया।

डीपीआरओ कार्यालय से कई बार नोटिस भेजकर व्यय की गई धनराशि का मदवार प्रमाण सहित हिसाब मांगा गया लेकिन प्रधान और सचिवों ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए चारों ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिवों के खिलाफ 02 करोड़ 36 लाख 72 हजार 84 रुपये की रिकवरी के नोटिस जारी कर दिए।

नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के भीतर खर्च की गई धनराशि का मदवार ब्यौरा प्रमाण सहित उपलब्ध कराएं या फिर रिकवरी की पूरी राशि सरकारी खाते में जमा करें। ऐसा न करने पर संबंधित सचिव और प्रधानों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि रिकवरी जमा न करने वाले प्रधानों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। एनओसी न मिलने की स्थिति में वे आगामी पंचायत चुनाव लड़ने से वंचित हो सकते हैं। सचिवों के खिलाफ भी सेवा संबंधी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जानसठ। नवनिर्मित सड़क का अवलोकन करते क्षेत्रवासी।

## इन बिंदुओं पर मांगा जवाब.....

1. वर्ष 2022- 23 में किन- किन विकास कार्यों पर कितनी धनराशि खर्च की गई।2. कार्यों के फोटो, मस्टरोल, बिल वाउचर व एमबी की प्रमाणित प्रति।3. पोर्टल पर ब्यौरा अपलोड न करने का कारण।

## क्या कहते हैं संबंधित अधिकारी....

**बुढ़ाना।** डीपीआरओ ने बताया कि सरकारी धन की पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा। दोषी प्रधानों और सचिवों से हर हाल में रिकवरी की जाएगी। उधर दूसरी और नोटिस मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में खलबली मच गयी है।

## गत दिनों दो पक्षों में खूनी संघर्ष का मामला...

# पीड़ित का आरोप: पुलिस ने की एकतरफा कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भौरांकला/बुढाना।** दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठे हैं। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है।

ग्राम मोहम्मदपुर राय सिंह निवासी जगपाल ने बताया कि बीते 26 अप्रैल को पड़ोसी दुम्मा से उनका झगड़ा हुआ। इस दौरान उनके परिवार के 5 लोगों को गंभीर चोटें आई। बाद में लोगों ने हमारा समझौता करा दिया। बीते 29 अप्रैल को शिवम आदि लोगों ने उसके घर पर हमला बोल दिया। हमले में उसके 2 बेटों के सिर फट गए। पत्नी का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। पत्नी के सिर में पहले से 14 टांके लगे थे आरोपियों ने फिर भी सिर पर वार किया। जिसमें उसके कपड़े फट गए। बेटी ने पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। उसका व एक बेटे का मेडिकल कराया मगर परिवार के 3 घायल बच्चों का मेडिकल नही कराया। मेडिकल के बाद वे घर लौट गए। बीते 30 अप्रैल को पुलिस ने उसे थाने बुलाया।

जब वो शिकायत देने थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे हथकड़ी लगा हवालात में डाल दिया और चालान कर दिया। पूरे दिन हवालात में रहने के बाद उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली जबकि झगड़े की सूचना उसने खुद पुलिस को दी। आरोपी उन्हें डरा धमका रहे हैं मगर पुलिस ने न तो उन्हें पकड़ रही और न ही कोई कार्रवाई कर रही। उन्होंने एसपी से जांच की मांग की है। उधर भौरांकला पुलिस ने एसपी के निर्देश पर अब आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

**दूसरे पक्ष ने भी कराई रिपोर्ट दर्ज**

भौराकलां/बुढ़ाना। गांव मोहम्मदपुर राय सिंह में हुए झगड़े मे दूसरे पक्ष के सुरेश ने बताया पड़ोसी जगपाल 3 लोगों संग उसके घर आया। चारों ने अकारण सुरेश, बहन रूपा व शिवानी के संग गाली गलौज कर मारपीट की। हमले में तीनों घायल हुए। घायलों का मेडिकल हुआ। आरोपियों ने उसे हत्या की धमकी दी। सुरेश ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उधर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**नहटौर।** एक विवाहिता ने अपने पति पर गांव की ही एक महिला के हने पर जलती लकड़ी से मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति का गांव की एक महिला से अवैध सम्बंध है। नहटौर थाने पहुंची पीड़ित महिला ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व उसकी शादी ग्राम सिजौली निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसके पति का गांव की ही महिला से अवैध सम्बंध है। उक्त महिला के कहने पर ही उसका पति उस पर घर से चले जाने का दबाव बनाता है। बुधवार की प्रात: को आरोपी पति ने महिला के कहने पर ही गालियां देते हुए मारपीट की और घर से बाहर निकलने का प्रयास किया।

## वार्ड 13 में सड़कों का कराया गया निर्माण

**जानसठ ।** नगर पंचायत जानसठ ने अपने लगभग तीन वर्ष के के अल्पकाल में ही वार्ड 13 में जिन कार्यों को अंजाम दिया गया है, वैसा काम यहां लगभग 15 वर्षों में नहीं हुआ था। यह कालोनी 15 वर्षों से उपेक्षा का शिकार थी और यहां एक नाली का भी निर्माण कार्य के लिए भी कोई सरकारी ईंट नहीं लग पाई थी। चेयरमैन जानसठ डा.आबिद हुसैन के नेतृत्व में सभासद मोहम्मद अहसान के अथक प्रयासों के चलते नगर पंचायत जानसठ का वार्ड 13 अब सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। मौहल्ला जन्नताबाद वार्ड 13 में शुक्रवार को एक और नई सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया गया।कस्बे के मौहल्ला जन्नताबाद वार्ड 13 की कालोनीवासी लगभग 15 वर्षों से पेयजल,और सड़क, नाली विहीन समस्याओं से जूझते हुए अपनी जिंदगी गुज़र-बसर कर रहे थे , लोगों को अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है, क्योंकि उक्त विकास विहीन कालोनी को विकास की किसी तरह की कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन अब उनके दिन फिरने लगे हैं। अब वे भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए विशेष पहल की गई है। जिसमें स्वच्छ पेयजल के लिए पाइपलाइन, पक्की सड़के, विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। कालोनी वासियों का कहना है कि चेयरमैन डा.आबिद हुसैन व वार्ड सभासद मोहम्मद अहसान ने कालोनी में मात्र 3 वर्षो के अपने अल्प कार्यकाल में उन विकास कार्यों को अंजाम दिया है, जो पिछले लगभग 15 वर्षों में भी नहीं हो पाए थे। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद मोहम्मद अहसान, कफील सैफी, जमशेद राइन, आबिद राजपूत, हसन जैदी, अहसान टेलर, हनी खान, सुऐब खान, अफ़रीदी मलिक आदि मौजूद रहे।



मोरना। शुक्रताल के मुख्य मार्ग पर गंदगी और जलभराव से हर कोई परेशान।

# शुकतीर्थ में मुख्य मार्ग पर जल भराव व गन्दगी का बोलबाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में विकास कार्यो में बड़ी रकम को खर्च किया जा रहा है।बावजूद इसके मुख्य मार्ग पर जल भराव व गंदगी का बोलबाला है। साधु संतों सहित तीर्थ वासियो व श्रद्धालुओं ने प्रशासन से गन्दगी की समस्या के समाधान की मांग की है।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में शनिवार से विश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू द्वारा श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान शुकतीर्थ में दूर दराज़ से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। अतिविशिष्ट नागरिक व श्रद्धालु कथा का श्रवण करने के तीर्थ नगरी में सप्ताह से अधिक समय तक निवास करेंगे। कथा के पूर्व शुकतीर्थ में सफाई व्यवस्था धड़ाम नजर आती है। गंगा घाट जाने वाले मार्ग पर दोनों और गन्दगी के ढेर लगे हुए हैं तथा गंगा घाट के पास मुख्य मार्ग पर जल भराव हो रहा है। गन्दगी व जल भराव से परेशान साधु संतों व श्रद्धालुओं ने तीर्थ नगरी में स्वच्छता की मांग प्रशासन से की है।

# पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना खालापार का किया वार्षिक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** थाना खालापार पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षिओं के साथ गोष्ठी का आयोजन कर उन्हे आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन द्वारा थाना खालापार का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना खालापार पर मिशन शक्ति केन्द्र/ महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा गया जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता की समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के उल्लेखित विवरण के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, शौचालय, स्नानघर, मेस, स्वच्छ पानी की उपलब्धता, अग्निशमन यंत्रों आदि का निरीक्षण करते हुए मालखाने में रखे शस्त्रों की साफ-सफाई व रख-रखाव तथा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने थाना खालापार पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा प्रशिक्षु आरक्षियों को पुलिसिंग के व्यावहारिक पहलुओं, जनसंपर्क, कानून- व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील मामलों के प्रभावी निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी खालापार बबलू कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## दरोगा की पिटाई से घायल बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती

**मोरना।** क्षेत्र के बेहड़ा सादात गांव निवासी रिजवाना परवीन ने दो दिनपूर्व एक दरोगा पर उसके व उसके ससुर जुल्फुकार की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़िता का आरोप था कि ककरौली थाना पर तैनात एक दरोगा ने उसके घर आकर उसके ससुर जुल्फुकार की पिटाई कर दी थी। उसने घटना की वीडियो बनाने की कोशिश की तो गुस्साए दरोगा ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया था। शुक्रवार को दरोगा की पिटाई से घायल हुए जुल्फिकार की तबीयत बिगड़ गई। उसे एम्बुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल जुल्फ़िकार के पुत्र आसिफ ने बताया कि दरोगा की पिटाई से उसके पिता जुल्फुकार की पसली टूट गई है। उनका जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।



मुजफ्फरनगर। खालापार थाने का निरीक्षण करते एसपी सिटी।

## तालाब में गिरी गाय को बचाकर पहुंचाया गौशाला

**बुढ़ाना।** गौरक्षा का जज्बा दिखाते हुए माधव गौशाला परासौली के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी ने टीम के साथ मिलकर गांव परासौली के ही एक तालाब में गिरी एक गाय की जान बचाई। समय रहते की गई कार्रवाई से गाय को सुरक्षित निकालकर गौशाला लाया गया।

जहां उसे चारा पानी देकर राहत दी गई। जानकारी के अनुसार गौरक्षक छोटा सैनी को सूचना मिली कि गांव परासौली के तालाब में एक गाय गिर गई है और बाहर नहीं निकल पा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए छोटा सैनी तुरंत मुकेश कुमार, गोलू व अन्य साथियों के साथ रस्से लेकर मौके पर पहुंचे। तालाब के दलदल में फंसी गाय लगातार संघर्ष कर रही थी। गौरक्षकों ने सूझबूझ दिखाते हुए रस्सों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाला।

बाहर निकालने के बाद गाय काफी कमजोर हो चुकी थी। रेस्क्यू के बाद सभी गौरक्षक गाय को माधव गौशाला परासौली लेकर आए। वहां गाय को साफ पानी पिलाया गया और हरा चारा खिलाया गया। गौशाला संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी ने बताया गाय खतरे से बाहर है। उसकी देखभाल की जा रही है। गौरक्षकों के इस नेक कार्य की ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गाय न निकाली जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी। छोटा सैनी ने कहा कि गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उनकी टीम हमेशा बेसहारा गोवंश की सेवा हेतू तत्पर रहती है।

# डा. सोनू कश्यप ने चौधरी नर्सिंग होम का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** कस्बे की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देने को शुक्रवार को बुढ़ाना कोतवाली रोड पर चौधरी नर्सिंग होम का शुभारंभ हुआ। कश्यप समाज के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने नर्सिंग होम का उद्घाटन किया तो क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ये नर्सिंग होम अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 24 घंटे इमरजेंसी, अनुभवी डॉक्टरों की टीम, जांच की सभी सुविधाएं व मरीजों हेतू बेहतर देखभाल की व्यवस्था की गई है। संचालकों का दावा है कि अब गंभीर मरीजों को इलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। यहां डॉक्टर विशाल पाल, प्रधान जितेंद्र मलिक, डॉक्टर अनिल, प्रधान तिजारत, प्रधान अनीस, वसीम राणा, डा. मोहित व डॉक्टर आजम समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, समाजसेवी व डाक्टर्स मौजूद थे। अतिथियों ने नए नर्सिंग होम की संचालकों को शुभकामनाएं दी। यहां भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार ने कहा बुढ़ाना क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की लंबे समय से जरूरत थी। चौधरी नर्सिंग होम के खुलने से कस्बे के साथ साथ आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। अब खासकर इमरजेंसी के मरीजों को अब मुजफ्फरनगर या मेरठ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नर्सिंग होम प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार जताया और क्षेत्र की सेवा का संकल्प दोहराया। उद्घाटन बाद लोगों ने अस्पताल का भ्रमण कर सुविधाओं का अच्छे से जायजा लिया।



# दबिश के दौरान पुलिस व भाकियू कार्यकर्ताओं में तीखी नोकझोंक

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव नगला राई में राजू हत्याकांड के वांछितों की तलाश में गई पुलिस और भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं के बीच दबिश के दौरान तीखी नोकझोंक हो गई। महिलाओं से अभद्रता का विरोध करने पर पुलिस ने भाकियू नेता को हिरासत में ले लिया, जिससे आक्रोशित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने इसे शगलतफहमीश बताते हुए किसान नेता को बिना किसी कार्यवाही के छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम राजू हत्याकांड में वांछितों व एक संदिग्ध बाइक की तलाश में नगला राई पहुंची थी। आरोप है कि दबिश के दौरान टीम में शामिल एक चर्चित दरोगा ने घर की महिलाओं के साथ बदसलूकी की। मौके पर मौजूद भाकियू नेता ने जब इसका विरोध किया, तो पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर थाने ले आई और लॉकअप में बंद कर दिया। यूनियन नेता को थाने में बंद करने की सूचना मिलते ही भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं में भारी रोष फैल गया। ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं के बढ़ते दबाव और हंगामे को देख पुलिस को झुकना पड़ा।प्रकरण को लेकर भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने स्पष्ट किया कि पुलिस द्वारा कार्यकर्ता को हिरासत में लेना एक बड़ी चूक थी। उन्होंने कहा गलतफहमी के चलते यूनियन के पदाधिकारी को थाने में बैठाने का प्रकरण सामने आया था। इस संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ थाने जाकर जानकारी की गई, जिस पर पुलिस ने अपनी गलती मानी और कार्यकर्ता को गलतफहमी का शिकार बताते हुए बिना किसी कार्यवाही के छोड़ दिया। यूनियन के कार्यकर्ताओं का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# सपा में टिकट को लेकर सैनी बनाम गुज्जर, किस चाल से बनेगा 'किंग'?

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विधानसभा चुनाव से पहले खतौली की राजनीति अब पूरी तरह गरमा चुकी है। समाजवादी पार्टी के भीतर टिकट को लेकर सैनी और गुज्जर समाज के बीच सीधी टक्कर बन गई है। बैठकों, जनसंपर्क और शक्ति प्रदर्शन के जरिए दोनों पक्ष अपनी ताकत दिखाने में जुटे हैं। यह लड़ाई अब सिर्फ टिकट तक सीमित नहीं रही, बल्कि राजनीतिक वर्चस्व की जंग में बदलती नजर आ रही है।

सैनी समाज की ओर से श्यामलाल उर्फ बच्ची सैनी एक बार फिर अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। पिछला चुनाव दूसरे स्थान पर खत्म करने के बाद भी उनकी सक्रियता लगातार बनी रही है। क्षेत्र में मौजूदगी और जनसंपर्क उनके पक्ष को मजबूत बना रहा है। वहीं दूसरी तरफ गुज्जर समाज से लतेश विधूड़ी नए समीकरणों के साथ मैदान में हैं। सपा में शामिल होने के बाद उन्होंने तेजी से अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है।

उनके समर्थकों का मानना है कि बदलते राजनीतिक माहौल में नया चेहरा ही जीत की कुंजी बन सकता है। खतौली सीट पर जातीय समीकरण हमेशा निर्णायक रहे हैं। सैनी मतदाताओं की संख्या करीब 33ख35 हजार बताई जा रही है, जबकि गुज्जर वोट बैंक 18ख19 हजार के आसपास है। यही आंकड़े सपा के लिए सबसे बड़ी उलझन बन गए हैं किसे प्राथमिकता दी जाए, यही सबसे बड़ा सवाल है।

### जमीनी पकड़ या सामाजिक एकजुटता?

खतौली के मतदाता केवल जाति के आधार पर ही नहीं, बल्कि उम्मीदवार की सक्रियता और भरोसे को भी अहमियत देते हैं। बच्ची सैनी को ह्हर समय उपलब्धह्न नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, जबकि विधूड़ी खेमे की रणनीति सामाजिक एकजुटता पर टिकी हुई है। यानी मुकाबला अब ह्व्यक्तिगत पकड़ बनाम सामूहिक समर्थनह्न के बीच सिमटता दिख रहा है।

### भाजपा की नजर, समीकरणों पर असर

सपा के अंदर चल रही इस खींचतान पर भाजपा भी नजर बनाए हुए है। पार्टी अभी तक स्पष्ट उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है, लेकिन सैनी वोट बैंक में संभावित बिखराव के संकेत मिलने लगे हैं। निषाद पार्टी से राकेश सैनी की सक्रियता ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।

### तीन स्तर पर बंटी जंग

राजनीतिक जानकारों की मानें तो खतौली का मुकाबला इस बार तीन परतों में लड़ा जाएगा, सपा के भीतर टिकट की खींचतान, सैनी बनाम गुज्जर का सामाजिक समीकरण, भाजपा और सहयोगी दलों की रणनीतिक एंट्री, इन तीनों फैक्टर्स का संतुलन ही अंतिम नतीजे की दिशा तय करेगा।

### फैसले पर टिकी निगाहें

फिलहाल खतौली की सियासत एक ही सवाल के इर्द-गिर्द घूम रही है सपा किसे टिकट देगी? क्या पार्टी अनुभव और जमीनी पकड़ को तरजीह देगी या नए सामाजिक समीकरणों पर दांव लगाएगी? एक बात साफ है, टिकट की घोषणा होते ही यह मुकाबला 'तैयारी' से निकलकर 'निर्णायक मुकाबले' में बदल जाएगा।

# रिक्शा चालक ने लौटाया 20 हजार रुपयों से भरा पर्स

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जहां एक ओर समाज में लालच की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं, वहीं खतौली से आई एक सच्ची घटना ने ईमानदारी पर लोगों का भरोसा फिर मजबूत कर दिया है।

ग्राम खेड़ी निवासी रोहताश अपनी पत्नी शालू के साथ अपने बीमार बच्चे का इलाज कराने खतौली आए थे। फुलत अढे से रिक्शा लेकर वे डॉक्टर के पास पहुंचे, लेकिन उतरते समय अनजाने में शालू का पर्स रिक्शा में ही छूट गया। जब उन्हें इसका अहसास हुआ, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पर्स में करीब 20 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन रखा हुआ था। घबराए दंपत्ति ने काफी देर तक रिक्शा और चालक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार वे कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत तहरीर लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। इसी बीच कहानी ने ऐसा मोड़ लिया, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। कुछ ही देर में एक रिक्शा चालक खुद हांफता हुआ कोतवाली पहुंचा। उसने अपना नाम इलियास पुत्र हनीफ, निवासी भैसी गांव बताया और महिला का खोया हुआ पर्स पुलिस को सौंप दिया। जब पुलिस ने पर्स की जांच की, तो उसमें रखे पूरे 20 हजार रुपये और मोबाइल फोन सुरक्षित मिले। अपना सामान सही-सलामत वापस पाकर दंपत्ति भावुक हो गए और उनकी आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। पुलिस ने रिक्शा चालक इलियास की ईमानदारी की सराहना करते हुए उसकी पीठ थपथपाई। वहीं रोहताश और शालू ने भी दिल से उसका धन्यवाद किया। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि ईमानदारी और इंसानियत आज भी जिंदा है और समाज में ऐसे लोग ही भरोसे की असली नींव हैं।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्वकरण प्रणाली को लेकर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से मिला रालोद प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस व राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर हुई। जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक वारिस राव ने किया।



आर्थिक बोझ पर की विस्तार से चर्चा प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसमें नगर निकायों में लागू स्वकर प्रणाली में व्याप्त अनियमितताएं, बढ़े हुए कर निर्धारण, पारदर्शिता की कमी और आम नागरिकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्ता, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को आ रही समस्याओं, जैसे अधिक बिलिंग, तकनीकी खामियां और शिकायतों के निस्तारण में देरी को भी प्रमुखता से उठाया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री एके शर्मा से इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीति बनाने और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस पर मंत्री एके शर्मा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी संवे. दनशीलता के साथ कार्य कर रही है और जल्द ही प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। पूर्व विधायक वारिस राव ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय लोक. दल हमेशा से किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों की आवाज उठाता रहा है। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी जनसमस्याओं को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेगी और उम्मीद जताई कि सरकार इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगी। इस मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक गुलाम मोहम्मद, अशोक बालियान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर पेट्रोल-डीजल कीमतों की अफवाह फैलाना पड़ा भारी

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा।
- सोशल मीडिया पर कई आईडी द्वारा फैलाया जा रहा है मूल्य बढ़ने का प्रेसनोट।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बा जलालाबाद के मोहल्ला शाहगा. जीपुरा निवासी शमीम मलिक पुत्र जमशेद अली को सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भ्रामक व झूठी सूचना प्रसारित करने के आरोप में थाना भवन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

भवन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के खिलाफ शांति भंग की आशंका के तहत धारा 151 में चालान किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा पेट्रोल में 10 रुपये तथा डीजल में 12.50 रुपये प्रति लीटर वृद्धि दर्शाई गई थी। उक्त भ्रामक सूचना के प्रसार से क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया गया है कि आरोपी स्वयं को मुस्लिम अधिकार फाउंडेशन का जिला अध्यक्ष तथा भारतीय तेली समाज का जिला अध्यक्ष बताता था। वहीं उक्त फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुफरान मलिक द्वारा दो दिन पूर्व ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कर स्पष्ट किया गया था कि यह फाउंडेशन अभी तक पंजीकृत नहीं है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई जारी रहेगी तथा लोगों से अपील की गई है कि किसी भी भ्रामक सूचना को साझा करने से बचें। पुलिस की कार्रवाई को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। जहां कई लोगों द्वारा समर्थन किया जा रहा है तो कई द्वारा इसे सोशल मीडिया पर स्वतंत्रता पर हमला होने की बात कही जा रही थी।

## अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के तहत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात करीब 12:30 बजे खुरगान फ्लाईओवर के नीचे एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस वाहन को आता देख वह पानीपत की ओर सर्विस रोड पर तेजी से बढ़ने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा किया और फ्लाईओवर से कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बाबर पुत्र इलियास, निवासी ग्राम मंडावर थाना कैराना, बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा हरियाणा से किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और सुरक्षा के लिए अपने पास हुआ था।

## बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** चरथावल क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी मुनेंद्र राणा पुत्र जयवीर राणा ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि वह किसी कार्य से 30 अप्रैल को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से थाना भवन आए थे। वापस गांव जाते समय गांव ख्याबड़ी रजवाहे के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके फेस होने चला गया स वापस आया तो वहां उसकी मोटरसाइकिल नहीं मिली किसी अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। पीड़ित ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली देहरादून हाईवे कट पर पुलिस ने प्रतिबंधित वाहनों के खिलाफ शुरू की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे स्थित ख्यावड़ी कट पर लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। चरथावल-थानाभवन मार्ग पर स्थित इस कट पर अब ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की तैनाती कर दी गई है जो नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।ख्यावड़ी कट पर हाल ही में कई गंभीर हादसे हो चुके हैं जिनमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। बीते 24 अप्रैल को भी यहां हुए दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यहां दो कांस्टेबलों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिसकर्मी एक्सप्रेसवे पर चढ़ने वाले बाइक सवारों को रोककर वापस भेज रहे हैं और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। इसके साथ ही हेलमेट न पहनने, तीन सवारी बैठाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

# जनगणना कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जयवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत जलालाबाद के सभागार में आगामी जनगणना को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपंन कराने के उद्देश्य से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनगणना के चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने जनगणना की प्रक्रिया कार्यप्रणाली एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से



जानकारी दी। बताया गया कि इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाएगा, जिसके तहत मोबा. इल ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आंकड़े एकत्र किए जाएंगे, जिससे डेटा की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।फील्ड ट्रेनर लवलेश कुमार एवं प्रेम प्रकाश द्वारा प्रशिक्षण देते हुए कर्मचारियों को मकानों के चिन्हांकन, परिवारों की सूची तैयार करने तथा जनगणना फॉर्म को सही ढंग से भरने की बारीकियां समझाई गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रगणक को अपने क्षेत्र में जाकर पूरी जिम्मेदारी और सावधानी के साथ जानकारी एकत्र करनी होगी।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एकत्र किए गए आंकड़े ही भविष्य की सरकारी योजनाओं का आधार बनते हैं, इसलिए कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना आवश्यक है।प्रशिक्षण के आगामी चरणों में फील्ड कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की जाएगी, ताकि सभी कर्मी अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी मुक. ेश सैनी, दीपक सैनी (जनगणना सेल), जुबेर अहमद, फील्ड ट्रेनर लवलेश कुमार, प्रेम प्रकाश सहित सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

# शिव गोरखनाथ समिति ने निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के रेलपार स्थित श्री गुरू गोरखनाथ मंदिर से शिव गोरखनाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा 25वी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकाली गई, जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

शुक्रवार को शिव गोरखनाथ मंदिर सेवा समिति रेलपार द्वारा श्री गुरू गोरखनाथ के प्रकट उत्सव के शुभ अवसर पर 25वीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि मठ सिद्ध बाबा भवानी बरखंडी एवं भैरव नाथ मंदिर के संस्थापक पूजनीय पीर योगी शेरनाथ बापू ने किया। शोभायात्रा शिव गोरखनाथ मंदिर रेलपार से प्रारंभ होकर बुढाना रोड बाईपास, हनुमान धामन, शिव चौक, से होते हुए भैरव मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विभिन्न बैंड बोजे, ढोल नगाडे तथा भव्य झांकिया शामिल रही। जिनका अनेकों स्थानों पर शहर के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वही देर शाम मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर मनोज उपाध्याय, सुनील कुमार, दुष्यंत गौड, रामपाल उपाध्याय, कैलाशचंद उपाध्याय, रामकिशन उपाध्याय, वीरपाल उपाध्याय, संजय उपाध्याय, राजेन्द्र नेता, रमेश प्रधान, सुनील उपाध्याय, शिवकुमार उपाध्याय, केपी भटटी, अुंशल उपाध्याय, करण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट में पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार

**शामली।** थाना बाबरी क्षेत्र के गांव भाज्जू में घर में घुसकर एक युवती के साथ छेडखानी करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने और बीयर की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने लोगों ने एसपी कार्यालय पर शिकायती पत्र देकर पुलिस पर सिर्फ मारपीट के मामले में ही मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। बाबरी क्षेत्र के गांव भाज्जू निवासी वीरपाल पुत्र राजबीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अप्रैल की सुबह करीब 10:30 बजे उसकी पुत्री शालू घर पर अकेली थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेत पर गए हुए थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी विनित पुत्र नरेंद्र और शुभम पुत्र श्याम सिंह घर में घुस आए और युवती से छेडखानी का प्रयास किया, लेकिन विरोध करने पर उसकी पुत्री के साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने शालू पर कांच की बीयर की बोतल से हमला किया, जिससे उसे चोटें आई। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए घर की दीवार फांदकर फरार हो गए। पीडित ने बाबरी पुलिस पर सिर्फ मारपीट के मामले में ही मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है। पीडितों ने मामले में जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# जिला महिला संत समागम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मुजफ्फरनगर रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन खेड़ी बैरागी में शुक्रवार को जिला स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में जिलेभर से सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सहारनपुर जोन से पहुंचीं प्रचारक बहन किट्टी गुलाटी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का शुभ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देकर मानवता को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। उन्होंने निरंकारी मिशन में महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं ने हमेशा समाज और मानवता के




मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि प्रभु का ज्ञान प्राप्त कर मनुष्य परमात्मा की इच्छा के अनुरूप जीवन जी सकता है और ब्रह्मज्ञान से मनुष्य का विवेक जागृत होता है। समागम में महिलाओं को आध्यात्मिकता अपनाकर समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कविता, भजन, कव्वाली, नाटक एवं विचारों के माध्यम से नारी के विभिन्न स्वरूपों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीना, माया, रजनी, प्रमिला, सविता, सीमा, लता मौजूद रही।

# भट्टा मजदूरों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**कांधला।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से गांव किवाना में भट्टा मजदूरों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्था के कार्यकर्ता राहुल कुमार ने बताया कि फाउंडेशन पिछले 13 वर्षों से शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रमिक पंजीकरण, स्वास्थ्य लाभ, मातृत्व सहायता और पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकर्ता आबिद मजीदी ने मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल, तय कार्य समय और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों के बारे में बताया। वहीं, यासमीन ने बच्चों की शिक्षा और बाल मजदूरी के नुकसान पर जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में आयशा मलिक ने मजदूरों का आभार जताते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

# चीफ फार्मासिस्ट को विदाई पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात चीफ फार्मासिस्ट ताहिर बैग के सेवा. निवृत्त होने पर शुक्रवार को एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सकों, अस्पताल स्टाफ और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।

शुक्रवार को शहर के हनुमान रोड पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने ताहिर बैग की ईमानदार कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और मरीजों के प्रति समर्पण की




सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया। उनके अनुभव और सेवा भावना से नई पीढ़ी को हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। समारोह का संचालन संजीव शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के अंत में ताहिर बैग को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट डॉ. उमाशंकर भट, संजीव शर्मा, नवनीत शर्मा, अजय कुमार, मनोज वर्मा, आदित्य मौजूद रहे।

## शिव शक्ति समिति ने निकाली शोभायात्रा

**शामली।** श्री सर्वमंगला शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा भगवान शिव के अवतार महायोगी बाबा गुरू गोरक्षनाथ के प्रकटोत्सव के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को छोले चावल व ठंडे पानी का शर्बत वितरित किया गया। इस अवसर पर डा. राजेन्द्र संगल, डा. सुशील संगल, रामअवतार संगल, डा. भूपेन्द्र कुमार, आकाश गोयल, प्रथम संगल, संजय गोयल बोबी, अमित कांबोज, भूपेन्द्र चौधरी, आदेश शर्मा, राधेश्याम मित्तल, संजय जैन, दीपक गोयल आदि मौजूद रहे।

## बारहसिंगा पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल में शुक्रवार को एक बारहसिंगा पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए बारहसिंगा को कुत्तों के चंगुल से बचाया और वन विभाग को सूचना दी। शुक्रवार को गांव झाल में अचानक करीब एक दर्जन कुत्तों के झुंड ने एक बारहसिंगा को घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। बाराहसिंघा जान आवारा कुत्तों से जान बचाने के लिए आबादी की ओर पहुंच गया। कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से कुत्तों को भगाकर घायल बारहसिंगा को बचाया। ग्रामीणों ने घायल बारहसिंगा को प्राथमिक उपचार देने के बाद मामले की सूचना वन विभाग और डायल-112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल बारहसिंगा को अपने कब्जे में लेकर ई-रिक्शा के माध्यम से जिला पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार कराया जा रहा है। घटना को लेकर ग्रामीणों में वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है।

# जमानत पर छूटे आरोपी की फिर दबंगई, युवक को घेरकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोगवान में जमानत पर छूटे एक आरोपी द्वारा दोबारा दबंगई दिखाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर एक युवक को रास्ते में घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गोगवान निवासी नसीमा पत्नी जुलफान ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि एक आपराधिक मामले (मुकदमा संख्या 813/2025) में नामजद आरोपी मुकरिम पुत्र इलियास 8 जनवरी 2026 से जिला कारागार में निरुद्ध था। उसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद 28 अप्रैल को रिहा किया गया। पीड़िता के अनुसार, 30 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे उसका बेटा उस्मान खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में मुकरिम अपने साथियों राशिद पुत्र हसन और मुबारिक पुत्र हारून के साथ वहां पहुंचा और उस्मान को पकड़ लिया ।आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह मौका पाकर उस्मान वहां से भाग निकला और अपनी जान बचाई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे इकराम, साजिद और अफसर सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोपियों को युवक का पीछा करते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए देखा। पीड़िता का कहना है कि मारपीट में उसके बेटे को चोटें आई हैं और आरोपियों से पूरे परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने पुलिस से बेटे का चिकित्सीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पड़ोसियों पर युवक से मारपीट का आरोप, जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल में पड़ोसियों द्वारा एक युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने तीन युवकों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला खेल निवासी आफताब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा घर के बाहर सड़क पर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस के तीन युवक तेज रफ्तार बाइक पर वहां पहुंचे और बाइक से उसके बेटे को टक्कर मार दी। विरोध करने और समझाने का प्रयास करने पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि कुछ ही देर में आरोपी लाठी-डंडे लेकर आ गए और युवक पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान युवक को गंभीर चोटें आई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी और उग्र हो गए तथा पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।मोहल्ले के लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बुद्ध पूर्णिमा पर छात्रों ने दिया शांति और अहिंसा का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए तथा शांति, अहिंसा और एकाग्रता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा एवं विधि शर्मा ने विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपद. ेशों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य विपिन ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, की प्रेरणा देने वाला दिवस है।

## श्रमिक दिवस पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्रमिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक नंदू प्रसाद वाल्मीकि ने तथा संचालन अरुण झंझोट वाल्मीकि ने किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को समय पर वेतन, साप्ताहिक अवकाश और श्रम कानूनों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से श्रमिकों के हित में नई योजनाएं लागू करने की मांग की। उन्होंने आउटसोर्स व संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने, सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने तथा कोरोना काल के बकाया भुगतान जारी करने की भी मांग उठाई। बैठक में मुकेश वाल्मीकि, विशाल कुमार, धर्मवीर सिंह, जीत सिंह, अनिल वाल्मीकि, पिंटू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खोखरी नदी के संरक्षण का हुआ ड्रोन सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में नदियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी शामली आलोक यादव के निर्देशानुसार आज खोखरी नदी का ड्रोन सर्वे कराया गया। उक्त ड्रोन सर्वे का कार्य राहुल कुमार,सहायक अभियंता लघु सिंचाई, सूचना अधिकारी दीपक कुमार के माध्यम से संपन्न कराया गया। सर्वे के दौरान खोखरी नदी के किनारे स्थित समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश पूर्व में ही जारी किए गए थे, जिसके फलस्वरूप सर्वे कार्य सुचारु रूप से पूर्ण हुआ।



ड्रोन सर्वे का उद्देश्य खोखरी नदी की वर्तमान स्थिति का आकलन करना, अतिक्रमण, प्रदूषण स्रोतों तथा नदी के प्रवाह से संबंधित तथ्यों को चिह्नित करना है, ताकि भविष्य में ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा सके।इसी क्रम में दिनांक 30 अप्रैल 2026 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में खोखरी नदी के संरक्षण एवं सुधार के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिक. ारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शासनादेशों के अनुरूप विभागवार कार्यों की जिम्मेदारी तय करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि खोखरी नदी के संरक्षण हेतु ड्रोन सर्वे से प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी तथा नदी को स्वच्छ, अविरल एवं निर्मल बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। ड्रोन सर्वे के दौरान डॉ सोनू कुमार, डीवपीवओव, जिला गंगा समिति व आदि संबंधित उपस्थित रहें।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने घटना के करीब 10 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस दौरान आरोपी पक्ष की ओर से लगातार समझौते का दबाव बनाया जाता रहा।

कस्बा कैराना के मोहल्ला आलकल, सीओ ऑफिस के सामने निवासी अक्षय कुमार ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता प्रवीन कुमार द्धपुत्र गिरवरऋ 23 अप्रैल को अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम ऊँचागांव स्थित अपने गुरु गोतमनाथ से मिलने गए थे। शाम करीब 7:40 बजे जब वह वापस लौट रहे थे और जहानपुरा मार्ग के पास पहुंचे, तभी कांधला की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी जाहिद (निवासी नई बस्ती, कांधला) ने ट्रैक्टर का चेसिस नंबर नोट कर लिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से ओमैक्स अस्पताल कैराना ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 24 अप्रैल को शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक व मालिक की ओर से समझौते का दबाव बनाया जाता रहा।

जिसके चलते तत्काल मुक. दमा दर्ज नहीं कराया जा सका। बाद में 30 अप्रैल को तहरीर देने पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# इफको किसान सेवा केंद्र अधिकारी से बदसलूकी में 7 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**शामली।** मंडी क्षेत्र स्थित ईफको किसान सेवा केंद्र पर खाद वितरण के दौरान अधिकारी के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में सात दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पीड़ित अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 23 अप्रैल को कांधला थाना क्षेत्र के गांव सल्फा निवासी बृजपाल सिंह अपने पांच साथियों के साथ ईफको किसान सेवा केंद्र पर पहुंचा था। आरोप है कि उसने लाइन तोड़कर कार्यालय में घुसते हुए अधिक खाद देने की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और धक्का-मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि घटना के कारण सरकारी कार्य बाधित हुआ था। मामले में बृजपाल सिंह पुत्र नरसिंह के खिलाफ शहर कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई थी, लेकिन सात दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे केंद्र के कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। सत्येंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। वहीं मामले में सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक शैलेंद्र पूनिया ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते की बात सामने आई थी। यदि समझौता नहीं होता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रॉयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शहीद उधम सिंह स्टेडियम में 29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से करीब 30 से 40 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



शामली एथलेटिक्स संघ के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी 7 एवं 8 मई 2026 को पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में आयोजित होने वाली 29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में हिमांशु मलिक प्रथम तथा शाकिर द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में शाकिर ने प्रथम और श्रीदेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में हिमांशु मलिक प्रथम एवं राजन द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में आरव मलिक प्रथम तथा सुरेंद्र द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में संजीव प्रथम और कमल द्वितीय रहे। 3000 मीटर स्टेबल चेज में प्रदीप कुमार ने प्रथम तथा सचिन कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में धीरेंद्र देशवाल प्रथम और साजन द्वितीय रहे। महिला वर्ग में 800 मीटर दौड़ में परी प्रथम तथा शालू द्वितीय रहीं। 1500 मीटर दौड़ में नेहा पवार ने प्रथम और रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु अहलावत, आजाद चौधरी, सचिन पवार, आकाश पवार, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, तेजपाल, सुरेंद्र, कर्मवीर, रमेश, पीतम, धीरज, अनिल, अजय और विकास मौजूद रहे।

# नवजात की मौत पर अस्पताल पर लापरवाही आरोप, जांच की मांग

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती नवजात की पानीपत में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परि. जनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

नवजात के पिता अंकित पुत्र रकम पाल निवासी बल्हेड़ा ने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल के डॉक्टरों ने समय रहते उचित इलाज नहीं किया और बाद में रेफर करने में भी लाप. रवाही बरती। उनका कहना है कि इलाज के दौरान डॉक्टरों का रवैया भी संवेदनहीन रहा, जिसके चलते बच्ची की पानीपत में मौत हो गई। परि. जनों का आरोप है कि बच्ची को पानीपत भेजने के लिए एंबुलेंस के नाम पर उनसे 4,500 रुपये लिए गए, जबकि पानीपत से वापस गांव लाने में मात्र 3,000 रुपये ही खर्च हुए। इसे लेकर भी परिजनों ने अनियमितता का आरोप लगाया है। नवजात की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर अतुल बंसल ने बताया कि जब बच्चा भर्ती किया गया उस समय उसकी हालत नाजुक थी। इलाज के बाद सुधार नहीं होता देख बच्चे को रेफर किया गया था। बाहर से इंजेशन मांगने के बारे में जानक. ारी नहीं है।

# टीकाकरण में एएनएम की अनुपस्थिति पर सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** टीकाकरण अभियान में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एएनएम के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को पत्र जारी कर संबंधित एएनएम से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत कराने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जारी पत्र के अनुसार नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित सत्रों में गर्भवती महिलाओं और पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। टीकाकरण के बाद समस्त डाटा यू-विन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। आरोप है कि 26 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग की मॉनिटरिंग के दौरान ब्लॉक क्षेत्र में दो एएनएम डडूटी से अनुपस्थित मिलीं। इसकी सूचना कंट्रोल रूम को भी उपलब्ध नहीं कराई गई । पत्र में कहा गया है कि एएनएम की अनुपस्थिति के बावजूद कोविड चौन के माध्यम से वैक्सीन कैरियर उपलब्ध कराया गया, जिससे सरकारी कार्यों में लापरवाही और राजकीय धन की हानि होने की आशंका जताई गई है। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि अगर अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण तीन दिन के भीतर नहीं मिलता तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सक प्रभारी ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# आरएसएस का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम नोजल स्तिथ महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शि. विर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 50 स्वयंसेवकों (परीक्षार्थियों) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जबकि लगभग 20 व्यवस्था प्रमुखों ने शिविर की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर जिले की तीन अलग-अलग इकाइयों में एक साथ आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा।

थानाभवन खंड के अंतर्गत ग्राम नोजल में आयोजित इस शि. विर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में अनुशासन, संगठन क्षमता, नेतृत्व कौशल और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना रहा।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को प्रातः कालीन दिनचर्या के तहत शारीरिक व्यायाम, योग, दंड-बैठक एवं खेलकूद गति. विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही बौद्धिक सत्रों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, सामा. जिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को बताया गया कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए किस प्रकार सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई जा सकती है।इसके अलावा शिविर में अनुशासन, समय पालन, टीम वर्क और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में बांटकर व्यावहारिक अभ्यास भी कराए गए, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का विकास हो सके।स्थानीय स्तर पर इस शिविर को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। आसपास के क्षेत्रों के लोग भी शिविर की गतिविधियों को देखने पहुंचे और इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए सराहना की।

आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल सके और वे राष्ट्र व समाज की सेवा में आगे बढ़ सकें। शिविर में वर्ग पालक संदीप राणा, वर्ग कार्यवाह अंकुर सैनी, मुख्य शिक्षक बिट्टू सैनी, बौद्धिक प्रमुख आकाश पुंडीर, जिला कार्यवाह परीक्षित राणा, शुभम, सूर्य प्रताप, रजनीश, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंडर 19 क्रिकेट ट्रॉयल में दिखा रोमांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली क्रिकेट अकैडमी में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 ट्रायल मैचों का रोमांच जारी है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुजफ्फरनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सहारनपुर-बी टीम को पराजित कर दिया।



मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुजफ्फरनगर की टीम ने निर्धारित ओवरों में 258 रन बनाए। टीम की ओर से शगुन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। सहारनपुर-बी की ओर से गेंदबा. जी करते हुए आसीर ने 2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहारनपुर-बी की टीम 188 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मैच मुजफ्फरनगर के पक्ष में चला गया। शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने बताया कि ट्रायल मैचों में शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जनपद की दो टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इन मैचों के लिए उत्तर प्रदेश जूनियर चयन समिति के चेयरमैन कमलकांत कनौजिया को मुख्य ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन सहारनपुर मंडल की टीम के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है तथा मुख्य चयनकर्ता कमलकांत कनौजिया खिलाड़ियों की प्रतिभा पर विशेष नजर रखेंगे। मैच में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नीरज चौधरी और दीपक सैनी को अंपायर तथा प्रणव दास को स्कोरर नियुक्त किया गया है।

यह ट्रायल मैच चार दिनों तक आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफ उर रहमान, शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट को ऑर्डिनेटर विनय कुमार, शामली क्रिकेट अकैडमी के चेयरमैन जवाहर तोमर, हरेंद्र तोमर, नगेंद्र खैवाल, रोकी देशवाल, आजम, रवि, फरमान, पंकज चौधरी, विक्रांत, विजय तोमर, मुकुल देशवाल मौजूद रहे।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे एवं तीन भतीजों सहित 14 पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका के पूर्व सभासद खेमकरण कश्यप पर जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी के बेटे और तीन भतीजों सहित 14 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

मोहल्ला सराय काहरान निवासी नगर पालिका के पूर्व सभासद खेमकरण कश्यप के भतीजे तरुण की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। तरुण ने तहरीर में बताया है कि मोहल्ला सैनी सराय निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी के बेटे दीपक, भतीजे कुलदीप, संदीप, प्रमोद समेत अनुज, अजय प्रवीण, सोनू, मलिंगा, अंकित, साहिल, अजय, धर्मपाल और तल्हेड़ी खुर्द निवासी हिमांशु परिवार से रंजिश रखते हैं। पूर्व में हुए झगड़े का विवाद न्यायालय में भी विचाराधीन है।

आरोप है कि इसी रंजिश में 18 अप्रैल को मलिंगा आदि ने मेले में गए परिवार के युवकों के साथ मारपीट की थी। 19 अप्रैल को ताऊ खेमकरण कश्यप मारपीट के मामले में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर वापस घर लौट रहे थे। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे आरो. पियों ने ताऊ और उनके साथी हरिराम को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ लाठी डंडों और लोहे के सरियों से मारपीट की गई। जिसमें दोनों लोग घायल हुए थे। ताऊ खेमकरण कश्यप को गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर किया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 14 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

# बाइक रेहड़े में टकराने से दंपति एवं रेहड़ा चालक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साखन नहर के समीप बाइक ने रेहड़े में टक्कर मार दी। इसमें बाइक पर सवार दंपति और रेहड़ा चालक घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

बताया गया है कि रेहड़ा पर नमकीन आदि की फेरी करने वाला एक बुजुर्ग साखन गांव से निकलकर हाईवे पर पहुंचा तभी सहारनपुर की ओर से आई बाइक ने रेहड़े में टक्कर मार दी। इसमें रेहड़ा चालक और बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि किसी भी घायल पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर हवन पूजन व कार्यक्रमों का आयोजन

**देवबन्द।** बुद्ध पूर्णिमा पर विभिन्न स्थानों पर हवन पूजन व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान गौतम बुद्ध की शिक्षा को बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने बुद्ध पूर्णिमा पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अधिवक्ताओं ने कहा कि बौद्ध अनुयायी और हिंदू इस दिन को शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश के साथ मनाते हैं। विश्व में सबसे अधिक बुद्ध के अनुयायी हैं, क्योंकि अधिकांश देश बुद्ध को मानने वाले हैं। आज पूरे विश्व को बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर एडवोकेट रामकिशन सैनी, सुमैया, प्रीतम कोहली, सुशील कुमार, कुलदीप लहरी, धर्मपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह सैनी आदि शामिल रहे। वहीं, सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा पर हवन पूजन हुआ। संरक्षक हरि सिंह सैनी व शिक्षकों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य रूपेश सैनी ने भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर स्टाफ शामिल रहा।





# सघन डिस्कनेक्शन अभियान चलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत निगम ने बकाया बिलों की वसूली एवं बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए नगर में दो दिवसीय सघन डिस्कनेक्शन अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में टीमों ने अलग-अलग मोहल्लों में दस्तक देकर 55 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। उपखंड अधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में गठित टीमों ने नगर के जीटी रोड, गांधी कॉलोनी, मदीना कॉलोनी, बडजिया उलहक, खानकाह, लहसवाड़ा, शाहजीलाल और चांद कॉलोनी में कार्रवाई की। अभियान के दौरान उन उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया जिनके बिल लंबे समय से लंबित थे। बार-बार चेतावनी के बावजूद भुगतान न करने वाले 55 लोगों के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने केवल कनेक्शन ही नहीं काटे, बल्कि वसूली पर भी पूरा जोर दिया। उपभोक्ताओं से करीब 16 लाख रुपये का बकाया राजस्व जमा कराया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की ओर से राजस्व वसूली में तेजी लाने और लाइन लॉस (बिजली चोरी) को कम करने के सख्त निर्देश हैं। कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जो उपभोक्ता कनेक्शन कटने के बाद अवैध रुप से बिजली चलाते पाए गए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

## एंटी रोमियो टीम ने डिजिटल अरेस्टिंग की जानकारी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला पुलिस ने नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन की जानकारी दी। खासतौर पर डिजिटल अरेस्टिंग की झूठी अफवाह के प्रति जागरूक किया। एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंच महिलाओं और युवतियों को डिजिटल अरेस्टिंग की झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया। बताया गया कि यदि आपके पास कोई डिजिटल अरेस्टिंग को लेकर कोई कॉल आए तो घबराएं नहीं, तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। इस दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के अलावा वूमेन पावर, साइबर अपराध, एंबुलेंस सेवा समेत अन्य आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी।

# गुरु की कृपा से सुख, समृद्धि, ज्ञान और विवेक की प्राप्ति होती है: कपिल

**देवबन्द।** महामल देवता मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की अमृत कथा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन कथावाचक कपिल गोडिया ने कहा कि संत रविदास के उपदेशों का अनुकरण करने से हमारी आत्मा न सिर्फ स्वच्छ व सुंदर विचारों से आलौकित होगी बल्कि समाज का भी कल्याण व उत्थान हो सकेगा। रविदास मार्ग (जाटव नगर) में कथा का वाचन करते हुए कपिल गोडिया ने कहा कि गुरु की कृपा से सुख, समृद्धि, ज्ञान और विवेक की प्राप्ति होती है। गुरु ही हमें अंधकार से प्रकाश तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है। जो हमें ज्ञान देता है वह पूजनीय है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर लोग अपने गुरुदेव का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यदि हमारे विचार श्रेष्ट होंगे और सभी के प्रति हमारे भीतर सद्व्यवहार का भाव होगा तभी हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य समाज के हित में होगा। संयोजक उमेश जाटव ने बताया कि गुरु रविदास की अमृत कथा पांच मई को संपन्न होगी। इस मौके पर मुकेश चौधरी, मास्टर यशपाल सिंह, बाबूराम जाटव, प्रवीण जाटव, राजकुमार जाटव, नितिन जाटव, नरेंद्र, वेदप्रकाश जाटव, डा. सत्यम, दलीप जाटव आदि शामिल रहे।



**आवश्यकता है**

सी.एन.पी. डिग्री कालेज ग्राम आभा, परगना हरौडा, सहारनपुर कालेज कोड (226) में स्नातक बी.ए. पाठ्यक्रम में शैक्षणिक स्टॉफ की आवश्यकता है। प्राचार्य- 01, विषय-अंग्रेजी-01, अर्थशात्र-01, हिन्दी विषय-1 सम्पर्क करें- 9897377006, 7895300276

# फायरिंग से दहली गंगोह की पशु पैठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गंगोह।** पशु पैठ में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब अचानक हुई फायरिंग से पूरी मंडी दहल उठा। फायरिंग की वजह वहां अफरा-तफरी मंच गई। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

शुक्रवार को लगने वाली पशु पैंठ में उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया जब वहां कुछ लोगों द्वारा फायरिंग कर दी। दहशत में लोग इधर-उधर हो गए। फायरिंग में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलने के बाद सीओ गंगोह अशोक सिसौदिया, कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे तो उससे पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर अन्य लोगों से जानकारी हासिल की। गांव धलापड़ा निवासी हासरीन आदि ने बताया कि एक भैंस की खरीद-फरोख्त को लेकर पिछले सप्ताह आरोपियों से विवाद हो गया था जो लोगों ने निपटा दिया था। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि आज एक मई को सुबह करीब नौ बजे लगभग 15 लोग आए जिनमें सं कुछ ने उन पर फायर किए लेकिन वह बच गए। आरोपी जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। उन्होने पांच लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने

टीमों का गठन कर आरोपियों को पकडने के लिए लगा दिया है। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि आरा. पी फायर कर भाग निकले। लोगों ने दो से तीन फायर होने की बात कही है। उन्होने बताया कि मामले में कोई भी घायल नहीं हुआ है। टीमें भेज दी गई है तथा आगे जांच भी की जा रही है। माहौल खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## हर्ष फायरिंग का मुकदमा दर्ज

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव साधारणसिर में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग मे गांव के चौकीदार द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार रात गाँव के टीटू के पुत्र रोहित की शादी समारोह में डीजे पर नाच-गाना चल रहा था। इसी दौरान एक युवक ने खुलेआम हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। जिससे पास खड़े अमित कुमार के हाथ और पैर में छर्रे लग गए और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आनन-फानन में घायल युवक को ग्रामीण स्थानीय साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाये जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# श्रमिक विकास की नींव: वीरेन्द्र रावत




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नागल।** स्थानीय वन रेंज कार्यालय पर विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों का सम्मान किया गया तथा वन विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को उपहार भेंट कर उनके कार्यों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर एसडीओ वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि श्रमिक समाज और विकास की नींव होते हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से ही विभिन्न विभागों के कार्य सुचारू रूप से संचा. लित होते हैं। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान को बनाए रखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें अपने कार्य के प्रति निष्ठा और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकार वीरेंद्र सिंह बोरा, वन दरोगा राजेंद्र सिंह, श्रमिक अनीता, ममता, गीता, पूनम, संजू आदि लोग मौजूद रहे।

# दो शातिर चोर पकड़े, 4 बाइकें बरामद



**नकुड़।** अलग-अलग तारीखों व स्थानों से गायब हुई बाइकों ने यह संकेत दे रही थी कि कोई संगठित गिरोह सक्रिय है लेकिन उसके चेहरे अब तक सामने नहीं आ पा रहे थे।

शुक्रवार को कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि 3 अप्रैल 20 अप्रैल, 28 अप्रैल और 30 अप्रैल को दर्ज हुई चार अलग-अलग चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए टीम लगातार काम कर रही थी। तथा पुलिस ने निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। सीओ ने बताया कि मध्य रात्रि मुखबिर से मिली सटीक सूचना के बाद थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राकेश शर्मा व पुलिस टीम ने नयागांव रोड स्थित वाटिका विहार के पास घेराबंदी कर रोहित पुत्र सतीश और राहुल पुत्र पहल सिंह निवासी ग्राम सिरसका को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदातों को कबूल किया जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चारों मोटर साइकिलें बरामद कर ली गई। सीओ के अनुसार दोनों आरा. पी शातिर अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर दोनों को न्यायालय में पेश किया।

# चेयरपर्सन रेनू व कुलदीप बालियान की बसपा में वापसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रामपुर मनिहारान।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रामपुर मनिहारान चेयरपर्सन श्रीमती रेनू बालियान व कुलदीप बालियान को ससम्मान बसपा में वापसी कराते हुए सहारनपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। बसपा सुप्रीमो के इस कदम से सहारनपुर की राजनीति में हलचल पैदा होती दिखाई दे रही है।

रामपुर मनिहारान नगर पंचायत चुनाव में बसपा प्रत्याशी श्रीमती रेनू बालियान ने चमत्कारिक रूप से जीत हासिल की थी। इस का श्रेय रेनू बालियान के पति कुलदीप बालियान और उनकी टीम को मिला जिन्होंने न केवल बसपा के मूल मतदाताओं को एकजुट किया बल्कि सर्वसमाज में गहरी पैठ बनाई।चुनाव जीतने के बाद रेनू कुलदीप बालियान ने विकास कार्यो में कोई कोताही नहीं की और जनता की उम्मीदों पर खरे उतरते दिखाई दिए। यहाँ तक कुलदीप बालियान के समर्थक कुलदीप बालियान को विधायक बनाने के बारे में बातें करने लगे और धीरे धीरे यह चर्चा सभी जगह फैल गई। किसी कारण से इन्हें पार्टी से निष्कासित किए जाने की खबरें चलीं। लेकिन कुलदीप बालियान अपनी विचारधारा से नहीं हटे और बसपा को ही समर्पित रहे। शुक्रवार को आश्चर्जनक रूप से कुलदीप बालियान व रेनू बालियान को दिल्ली बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर बुलाया गया जहाँ न केवल दोनों की ससम्मान बसपा में वापसी कराई गई बल्कि कुलदीप बालियान के मेहनत लगन और उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए सहारनपुर मंडल का प्रभारी मना. नीत किया गया।

दिल्ली से लौट कर कुलदीप बालियान ने बताया कि वह बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के आदेश पर दिल्ली गए थे जहाँ उन्हें बहनजी का आशीर्वाद मिला है।कुलदीप बालियान ने कहा कि हमारी पार्टी हित में की जा रही मेहनत में कोई कमी नहीं आई है। अब सभी को साथ लेकर और ज्यादा मेहनत की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के परिणाम चोंकाने वाले होंगे। बसपा सुप्रीमो यूपी की मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं।

# अंबेहटा में कबूतरबाजी को लेकर हिंसक झड़प




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अंबेहटा।** नगर में कबूतरबाजी को लेकर गुरुवार रात दो अलग-अलग समुदायों के बीच जमकर विवाद हो गया। मामला इस्लाम नगर रोड स्थित किसान सेवा समिति के सामने का है,जहां रात करीब 10 बजे शुरू हुई कहा. सुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकारकर भीड़ को तितर-बितर किया। इसके बाद नकुड़ थानाध्यक्ष सुरेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

थानाध्यक्ष सुरेश सिंह के अनुसार,चौकी प्रभारी की तहरीर पर दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में नदीम पुत्र यामीन, महरदीन पुत्र यामीन,अफजाल पुत्र यामीन, साद पुत्र नदीम, शबनूर पुत्री नदीम, सुमईया पुत्री नदीम तथा दूसरे पक्ष से सन्नी पुत्र महिपाल, अरुण पुत्र बबल और आशीष पुत्र श्याम कुमार सहित कुल 9 लोगों को नामजद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 190, 191(3), 194(2), 109(1), 131, 352 और 191(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। हिरासत में लिए गए सभी आरो. पियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर संगीत संध्या का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अम्बेडकर सहकारी आवास समिति द्वारा एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

बामियान बौद्ध विहार अम्बेडकरपुरम में आयोजित कार्यक्रम में भंते विनयदीप महाथेरा द्वारा त्रिशरण पंचशील का पाठ किया व बुद्ध वाणी का प्रवचन किया गया। गायिका कस्तूरी व गायक मुकेश ने अपने क्रांतिकारी भजनों व गीतों से सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश गौतम ने समाज को विभाजित करने वालो से सावधान रहने के लिए कहा। उन्होंने बुद्ध के तार्किक व वैज्ञानिक धम्म को अंगीकार कर उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रक. ाश, इंदु गौतम,रितु कुमार, नरेश,पवन कुमार, महेन्द्रपाल, सुमित एडवोकेट, युवराज गौतम, राजबीर सिंह, रामजीलाल, डॉ वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन सुमित बौद्ध व अध्यक्षता सावित्री आजाद ने की।

## 5 मजदूर सम्मानित

**गंगोह।** लायंस क्लब गंगोह सेन्ट्रल द्वारा श्रमदिवस पर रोजमर्रा मजदूरी कर पेट पालने वालों को सम्मानित किया गया।

एमजेएफ अरविंदपाल सिंह कपूर ने कहा कि हर प्रकार के मौसम की मार झेलकर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करने वाले मजदूर भाई सम्मान के पात्र है और प्रत्येक वर्ष मई दिवस पर क्लब 5 मजदूरों को सम्मानित करता है। अध्यक्ष दीपक बंसल, वासु गोयल ने मजदूरों को अंग वस्त्र प्रदानकर और रघुनंदन गोयल, अशोक ठकराल, सुभाष सैनी ,राजेश गर्ग, अरविंद टेबक ने माला पहनाकर अभिनंदन किया। दीपांशु चुग, मुकेश गोयल, उज्वल बंसल रहे। जोन चेयरपर्सन अतुल मित्तल ने आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू संगठनों का थाने में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बेहट।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बेहट कोतवाली पहुंचकर यहां तैनात एक उपनिरीक्षक को हटाए जाने को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस के उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर कार्यकर्ता शान्त हुए।

शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं मे कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया,विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री मनीष योगाचार्य ने कहां कि पिछले सप्ताह 26 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा में गौकशी की वारदात हुई थी जिसकी सूचना ग्राम वासियों और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने को दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस और हिंदू संगठन के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, वहां पर मौजूद उप-निरीक्षक करण नागर ने गौ माता के लिए अभद्र टिप्पणी की जिससे हिंदू संगठनों में रोष पैदा हो गया उसे दिन भी हिंदू संगठनों ने उपनिरीक्षक के विरुद्ध नारे बाजी की गई थी। मनीष योगाचार्य का आरोप है कि मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक ने कहा कि यहां राम राज्य नहीं है कि गौकशी नहीं होगी, गौकशी तो होती ही रहेगी उनकी इस टिप्पणी पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कार्यकर्ता स्वयं इसे क्यों नहीं रुकवाते। इस का जवाब देते हुए विहिप नेता ने स्पष्ट किया कि बजरंग दल का कार्य कानून हाथ में लेना नहीं, बल्कि प्रशासन को सूचित कर सहयोग करना है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर एक और गंभीर आरोप लगाया कहां कि ग्राम जैतपुर की एक युवती पिछले 4 महीनों से लव जिहाद का शिकार है उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं की है, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस की इस कार्यप्रणाली से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी धरना प्रदर्शन की सूचना पर थाने पहुंची और उन्होंने कार्यकर्ताओं से वार्ता कर मामले की जांच कर उपनिरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मारपीट मामले ने पकड़ा तूल

**नागल।** कस्बे में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उसकी जानकारी लेने गये कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बिजली ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार व एक किसान नेता के साथ मारपीट करने के मामले ने तूल पकड लिया।

व्यपार मंडल अध्यक्ष कपिल डाबर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद थी। जिसकी जानकारी लेने के लिए वह स्थानीय बिजलीघर पहुंचे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि एक निजी कंपनी द्वारा विद्युत लाइन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते सुबह आठ बजे तक का शटडाउन लिया गया है। आरोप है कि जब कपिल डाबर ठेकेदार से बात करने पहुंचे, तो उसने अभद्रता की। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और ठेकेदार के मजदूरों ने कथित रूप से हमला कर दिया। इस दौरान एक किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए। जिसमे उन पर ठेकेदार के कर्मचारियो ने लोहे के किसी औजार से हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बेहट।** मजदूर दिवस के मौके पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस द्वारा अपना पांच सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को देकर मांगो को पूरा करने की मांग की गई है।

शुक्रवार को मजदूर दिवस के मौके पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता नगर पंचायत बेहट में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विजय कुमार को सौंपा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार बिड़ला के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी नगर पंचायत बेहट के प्रांगण में एकत्रित हुए उन्होंने मजदूर दिवस के मौके पर पांच सूत्रीय मांग पत्र तहस. ीलदार विजय कुमार सिंह को दिया मांग पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारी जो चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किए गए थे उनको निकायों में कार्य करते हुए लगभग 20 वर्ष होने जा रहे हैं मगर नियमितीकरण न होने के कारण जिनका भविष्य अंधकार की तरफ जा रहा है। कुछ कर्मचारी तो ऐसे भी हैं जो 60 वर्ष की आयु होने पर सेवानिवृत्ति हो गए और कुछ की मृत्यु हो चुकी है उनको खाली हाथ बिना पेंशन,ग्रेच्युटी बीमा एवं अर्जित अवकाश के ही अपने परिवार से जाना पड़ा जो बहुत दुखदाई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन संविदा सफाई कर्मचारियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनका नियमित किया जाए। ज्ञापन मे यह भी मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकायों में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन दिलाया जाए और उनके आईपीएफ में हो रहे घोटाले की जांच गंभीरता पूर्वक करते हुए दोषी ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

इस दौरान जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राणा, नगर अध्यक्ष बल्लि महाराज, सन्नी, सुशील छुटमलपुर, श्रवण कुमार, अनिल, सुनील राकेश बिरला, सेठी, रानी, अनिता, लक्की आदि सफाई मजदूर मौजूद रहे।

## जन्मोत्सव मनाया

**चिलकाना।** गुरु गोरखनाथ महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय गौ रक्षा दल के द्वारा गुरु गोरखनाथ का जन्मोत्सव श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया।

शुक्रवार को गौ रक्षा दल के आयुष महाराज के नेतृत्व में गुरु गोरखनाथ के जन्मोत्सव पर प्रसाद का वितरण किया गया। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने गोरखनाथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात गोरखनाथ मंदिर के सम्मुख छबील लगाकर राहगीरों व श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य मे गौरक्षा दल सेवादारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित करते हुए गुरु गोरखनाथ के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राहुल भगत, मोहित भगत, वासु भगत, कृष्ण भगत, प्रियांशु, सुंदर लाल भगत, महिपाल भगत, नितिन भगत आदि मौजूद रहे।

# मण्डल में गन्ना सर्वेक्षण का कार्य आज से शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त मंडल ओ. पी. सिंह ने बताया कि आज से मंडल में गन्ना सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है।

उन्होंने स्वयं ग्राम रनखंडी में गन्ना सर्वेक्षण का शुभारंभ किया ओर उन्होंने बताया की सहारनपुर मण्डल के तीनो जनपदों के जिला गन्ना अधिकारियों व सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों, तथा चीनी मिलों के महाप्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वें स्वयं तथा फील्ड स्टॉफ के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करके किसानों को जागरूक करें की जो वर्तमान में गन्ने की फसल में चोटी बेधक (टॉप बोरर) का प्रकोप नजर आ रहा है। गन्ने की फसल को इस टॉप बोरर से बचाना अति आवश्यक है नही तो गन्ने की फसल की पैदावार प्रभावित हो सकती है। इसलिए गांव गांव में गोष्ठी और किसान चौपाल आदि से किसानो को सुझाव दिए जाएं कि किसान भाई सबसे पहले ऐसे प्रभावित जिसमे टॉप बोरर कीट की सुंडी (लारवा) गन्ने के तने (स्टॉक)में छेदकर घुस गया है, इसको काटकर नष्ट करना एक बेहतर उपाय है ताकि कीट की अगली पीढ़ी न उत्पन्न हो। किंतु यदि टॉप बोरर अधिक फैल गया है तो इसका रसायनिक उपचार कर सकते हैं जिसमे पेड़ी अथवा शरदकालीन व फरवरी, मार्च में बोई गई गन्ने की फसल में कलोरेंट्रेनीलोपरोल रसायन वाले कीट नाशक को,150 एम. एल . को 400 लीटर पानी में मिलाकर एक एकड़ फसल में स्प्रे करने वाली मशीन का नोजल निकलकर गन्ने की जड़ों में ड्रेंचिंग करना चाहिए ध्यान रखें कि इसका पत्तियों पर स्प्रे नही करना है केवल जड़ों में ड्रेंचिंग करना है और किसान भाई ड्रेंचिग करने के बाद तुरन्त सिंचाई कर दें।

# बौद्ध धम्म पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नागल।** क्षेत्र के गाँव खजूरवाला,पहाड़पुर में तथागत महामानव भगवान गौतमबुद्ध की पूर्णिमा विचार गोष्ठी कर धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर कहा गया कि धन से सुख मिलता तो गौतम बुद्ध राजपाठ न छोड़ते इसलिए जीवन में मानसिक सुख के लिए ध्यान जरूरी है। मुख्य रूप से उपनिरीक्षक नवीन आनंद, एस डी गौतम, नवीन जयंत, मोहकम सिंह , जोगेन्द्र सैनी, अनुज कुमार, अजीत सिंह दिनकर, संदीप सैनी, विनीत चंद्रा, रहतू, बलवीर सैनी, रणवीर, सोनू सैनी, प्रेरणा, प्रणव, राजवती सैनी, कृष्णा सैनी, सुमन सैनी, बिरमपाल, अजय बौद्धाचार्य मोदीमल तेगवाल, सुमित बौद्ध, राजकुमार बौद्ध, समयसिंह बौद्ध, सिद्धार्थ बौद्धाचार्य, नरेश पटवारी, तिलकराम बौद्ध, सेठपाल सिंह, विकास कुमार, रमेश चंद, शिमला बौद्ध, रेणु बौद्ध, बबली बौद्ध, नेहा बौद्ध , रीटा बौद्ध आदि मौजूद रहे।

# RR ने दिल्ली को 226 का टारगेट दिया

### पराग शतक से चूके फरेरा के तेज 47 रन स्टार्क को 3 विकेट

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल में शुक्रवार को दिल्ली कैपिल्टस के खिलाफ 226 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। होम टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली।

50 बाल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बाल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर में टी. नटराजन ने 18 रन खर्च कर दिए। फरेरा ने उनके इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। ओवर की पहली बाल पर नजराजन ने शुभम दुबे को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर में राजस्थान ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डोनोवान फरेरा ने मिचेल स्टार्क की 5वीं बाल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। उन्होंने आखिरी बाल पर छक्का भी लगाया। 18वें ओवर में कुलदीप यादव ने 20 रन खर्च कर दिए। डोनेवान फरेरा ने कुलदीप यादव के इस ओवर में तीन छक्के लगाए। उन्होंने तीसरी, चौथी और छठी बाल पर सिक्स लगाया। 17वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बाल पर रवींद्र जडेजा (20 रन) को आशुतोष शर्मा के हाथों कैच कराया। फिर चौथी बाल पर रियान पराग (90 रन) को अक्षर पटेल से कैच कराया। स्टार्क ने यशस्वी जायसवाल का विकेट भी लिया। 16वें ओवर में रियान पराग ने काइल जैमिसन की बाल पर लगातार तीन चौके लगाए। उन्होंने दूसरी, तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। जैमिसन के इस ओवर से 15 रन आए। 13वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा रनआउट होने से बच गए। नटराजन की गेंद आफ स्टंप के काफी बाहर थी। जडेजा ने इसे हल्के से थर्ड मैन की तरफ खेला और ऐसे रन के लिए दौड़ पड़े, जो था ही नहीं। वे तो क्रीज में वापस आने की कोशिश भी छोड़ चुके थे, लेकिन बैकवर्ड पाइंट से अशुतोष का थ्रो काफी दूर से चूक गया और बड़ा मौका निकल गया। 12वें ओवर की चौथी बाल पर अक्षर पटेल ने ध्रुव जुरेल को ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी बनते ही टूट गई। इससे पहले तीसरी बाल पर जुरेल ने छक्का लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया था।



राजस्थान रॉल्स के कप्तान रयान पराग को अर्द्धशतक बनाने पर बधाई देते जुरेल।

## हैदराबाद ने शिवम की जगह अंबरीश को टीम में लिया



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए शिवम मावी की जगह आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है। शिवम मावी, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं, ग्रोइन में चोट लगने के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। आरएस अंबरीश, जो एक ऑलराउंडर हैं, आईसीसी मेन्स अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त खिलाड़ी भी थे, उनके नाम 11 विकेट थे। अंबरीश, जो एक दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, एसआरएच में 30 लाख रुपये में शामिल होंगे।

**खेल विशेष**

### चोटिल सैंटनर एक महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर कंधे में लगी गंभीर चोट के कारण कम से कम एक महीने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। आज यहां न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि सैंटनर को ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट है, जिससे वह आयरलैंड के एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। सैंटनर को 23 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए फील्डिग करते समय कैच लेने के प्रयास में कंधे पर चोट लगी थी। उनका सिर भी जमीन पर टकरा गया था जिसके बाद मुम्बई इंडियंस ने उनके कनकशन रिप्लेसमेंट के तौर पर शार्दुल ठाकुर को बुलाया। बाद में उन्हें ड्रेसिग रूम में कंधे

### भारतीय टीमें टेबल टेनिस चैंपिशिप में स्टेज 2 में पहुंची

**लंदन।** भारत की पुरु और महिला टीमें अपने-अपने स्टेज 1 ग्रुप में जीत के साथ शीर्ा पर रहने के बाद आईटीटीएफ वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 के स्टेज 2 में पहुंच गईं। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने रवांडा को 3-0 से हराया, जबकि पुरुों ने ओवीओ एरिना वेम्बली में ग्वाटेमाला को हराया। इससे पहले, भारतीय महिलाओं ने युगांडा के खिलाफ वॉकओवर के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर अपने दूसरे मुकाबले में यूक्रेन को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 6 में शीर्ा पर रहीं। दूसरी ओर, भारतीय पुरु टीम ने अपने पहले मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-0 से हराया और फिर दूसरे मुकाबले में स्लोवाकिया को हराकर स्टेज 1बी ग्रुप 7 में शीर्ा पर रहीं। वर्ल्ड नंबर 48 और ओलंपियन मनिका बत्रा ने भारतीय महिला टीम के लिए शुरुआत की, उन्होंने चैंटल हिरवा को 3-0 (11-3, 11-3, 11-3) से आसानी से हरा दिया।

### इन्फेंटिनो ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी की पुष्टि की

**वैंकूवर, वार्ता।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने गुरुवार को फिर से पुटि की कि ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा और अपने मैच अमे. रिका में ही खेलेगा, जैसा कि पहले से तय था। इन्फेंटिनो ने वैंकूवर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 76वीं फीफा कांग्रेस के दौरान ए बातें कहीं। हालिया क्षेत्रीय तनावों के बीच ईरान की भागीदारी को लेकर चल रही अफवाहों पर बात करते हुए इन्फेंटिनो ने कहा कि मैं सीधे तौर पर यह पुटि करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहूंगा कि, बेशक, ईरान 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा। और निश्चित रूप से, ईरान अपने मैच अमेरिका में ही खेलेगा। यह पुटि तब सामने आई जब ईरानी अधिकारियों ने पहले सुझाव दिया था।

## 17 विकेटों के साथ पर्पल कैप आई भुवनेश्वर कुमार के पास

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट लेते हुए पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। इस सीजन में उन्होंने पांचवीं बार तीन विकेट लेने का कारनामा किया है।

भुवनेश्वर कुमार ने गुरुवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ ही इस सीजन उनके कुल 17 विकेट हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ईशान मलिगा 15 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कगिसो रबाडा के हाथ गुरुवार को एक ही विकेट लगा और तीसरे स्थान पर 14 विकेट के साथ वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के जोफ्रा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं ऑरेंज कैप को लेकर इस मैच में अधिक बदलाव नहीं हुआ, इसलिए क्योंकि विराट कोहली ने 28, शुभमन गिल ने 43 रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं था। बी साई सुदर्शन भी मात्र छह ही रन बना पाए। इसके परिणामस्वरूप बुधवार रात तक पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी अपने-अपने स्थान पर बने हुए हैं। इसके साथ ही यह तीन मात्र ऐसे बल्लेबाज हैं।



## आखिरी उम्मीद बनाए रखने के लिए उतरेंगे मुंबई इंडियंस

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 44वें मैच में एक बार फिर दो पुराने राइवल आमने-सामने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर में मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना करेगी और सीजन में दूसरी बार उन्हें हराने की कोशिश भी करेगी। इस सीजन आठ में से छह मैच गंवा चुकी मुंबई भी कोशिश करेगी कि अपने घर में मिली करारी हार का बदला चेपक में ले पाए। हालांकि, उनके लिए यह आसान नहीं होने वाला है।

मुंबई के लिए यह मैच आखिरी उम्मीद बनाए रखने वाला मैच है जबकि एक जीत चेन्नई को प्लेऑफ की होड़ में बनाए रखेगी। बुमराह और बोल्ट लेंगे सीएसके की सलामी जोड़ी की परीक्षा जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में सीएसके की सलामी जोड़ी ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को जल्दी आउट करने की कोशिश करेंगे। बोल्ट पहले ही दोनों को तीन-तीन बार आउट कर चुके हैं, जो उन्हें एक बड़ा खतरा बनाता है। गायकवाड़ ने बोल्ट के खिलाफ छह पारियों में सिर्फ 34 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 110 है। जबकि बुमराह के खिलाफ गायकवाड़ ने चार पारियों में 29 रन बनाए हैं और एक बार भी आउट नहीं हुए और उनका स्ट्राइक रेट 153 रहा है। वहीं सैमसन का रिकॉर्ड बुमराह के खिलाफ 14 पारियों में 84 रन और दो बार आउट हुए हैं जबकि उन्होंने 114 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। बोल्ट के खिलाफ आठ पारियों में उन्होंने 32 रन बनाए हैं और तीन बार आउट हुए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 119 का रहा है। मुंबई के मिडिल ऑर्डर के सामने स्पिनर्स की चुनौती मुंबई के मिडिल ऑर्डर सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या को नूर अहमद और अकील हुसैन जैसे स्पिनर्स के खिलाफ चुनौती का सामना करना होगा।



## पर्याप्त सबूत, वैध नहीं था होल्डर का कैच: इयान बिशप

**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इयान बिशप का मानना है कि गुजरात टाइटंस (जीटी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच गुरुवार की रात खेले गए मैच में जेसन होल्डर द्वारा रजत पाटीदार का पकड़ा गया कैच पूरी तरह वैध नहीं था।

इयान बिशप ने क्रिकइंफो के स्टूडियों में अभिनव मुकुंद के साथ होल्डर के कैच पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेरी बहस इस चीज पर होगी: जेसन होल्डर ने पहले गेंद को पकड़ा जिसमें कोई समस्या नहीं थी। फिर शुरुआत में जब उनका हाथ स्लाइड कर रहा था तो उस पर विशो ध्यान दिया जाना चाहिए था। इसके बाद हाथ के नियंत्रण की बात करते हैं और साथ ही शरीर के नियंत्रण की भी। जब आप मैदान पर स्लाइड करने के बाद खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं तो क्या वे ए मान रहे हैं कि उंगलियां गेंद के नीचे थीं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हाथ का पिछला हिस्सा ऊपर की ओर था जिसका मतलब है कि गेंद मैदान की ओर थी। अब मेरे लिए संदेह की बात गेंद और जमीन को लेकर है क्योंकि जब तक आप स्लाइड करना नहीं रोक लेते हैं और वापस खड़े हो जाते हैं तब आपका शरीर पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। तो, आउट या नॉट आउट। मुझे लगता है कि मेरे दिमाग में इस बात के पर्याप्त सबूत थे कि ए 'नॉट आउट' था। मैं जानता हूं कि नियमों में भी काफी अस्पटता है। लेकिन यदि गेंद जमीन पर छू रही है तो मेरे लिए ए नॉट आउट है। जो मैंने देखा वह मुझे भरोसा है कि टीवी अंपायर ने भी देखा होगा और हमारे ढेर सारे दर्शकों ने भी कि गेंद जमीन पर छू रही थी। अभिनव मुकुंद ने कहा कि एमसीसी के क्रिकेट के नियम कहते हैं कि कैच तभी वैध माना जाता है जब फील्डर का गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरी तरह नियंत्रण रहे इससे पहले कि गेंद जमीन को छू जाए। इससे कैच वैध माना जाएगा।



## सायली सतघरे, साइमा ठाकोर व हुमैरा 'आइकन प्लेयर्स' घोषित

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने सायली सतघरे, साइमा ठाकोर और हुमैरा काजी को पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए 'आइकन प्लेयर्स' के तौर पर घो. ाित किया है। यह इस प्रतियोगिता के पहले सीजन से पहले इसे आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

सायली 'सोबो मुंबई फाल्कन्स' का प्रतिनिधित्व करेंगी, जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशः 'ठाणे स्काई राइजर्स' और 'आकाश टाइगर्स' टीम में शामिल होंगी। सायली और साइमा, दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंरर्राष्ट्रीय अनुभव लेकर आएंगी, वहीं, हुमैरा घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं और उन्हें 'इंडिया-ए' टीम के साथ खेलने का अनुभव भी है। एमसीए के अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने कहा कि आइकन प्लेयर्स का चयन पहली टी-20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है, जो प्रतिभाओं को निखारे, घरेलू क्रिकेट की संरचना को मजबूत करे और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान दे। ए खिलाड़ी अपने साथ बेजोड़ गुणवत्ता, अनुभव और नेतृत्व क्षमता लेकर आती हैं, जिससे इस प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा उठेगा और पूरे शहर की युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी। लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने आगे कहा कि ए आइकन प्लेयर्स टीमों की मजबूत पहचान बनाने और एक प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। इनकी मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि लीग की शुरुआत अनुभव और उत्साह के सही तालमेल के साथ हो, क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला क्रिकेट के लिए एक उच्च-प्रदर्शन वाला मंच तैयार करना है। टी-20 मुंबई लीग और टी-20 मुंबई महिला लीग, दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार (2 मई) को होगी, जिसका जियो हॉटस्टार पर सुबह 9 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नीलामी के लिए कुल 2,411 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 2,048 पुरु और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह आंकड़ा शहर में मौजूद क्रिकेट प्रतिभाओं के विशाल दायरे और गहराई को दर्शाता है।

## इस सीजन के आखिर में टेनिस खिलाड़ी निशिकोरी केई लेंगे संन्यास

**टोक्यो, वार्ता।** ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरु और रियो ओलंपिक 2016 के कांस्य पदक विजेता जापान के निशिकोरी केई ने इस सीजन के आखिर में टेनिस से संन्यास लेने की घोाणा की है।

36 साल के निशिकोरी केई ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर जापानी और इंग्लिश में लिखा कि आज, मैं एक घोाणा कर रहा हूं। मैंने इस सीजन के आखिर में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब मैं बच्चा था, तब से मुझे टेनिस का जुनून रहा है और मैंने अपने दिल में सिर्फ एक सपना लेकर इसे जारी रखा है 'मैं वर्ल्ड स्टेज पर मुक. ाबला करना चाहता हूं। एटीपी टूर तक पहुंचना, सबसे ऊंचे स्तर के मुकाबले में खेलना और टॉप 10 में अपनी मौजूदगी बनाए रखना, ऐसी चीज है जिस पर मुझे बहुत गर्व है। चाहे जीत हो या हार, खचाखच भरे एरीना में मुझे जो खास माहौल महसूस हुआ, उसकी जगह कोई नहीं ले सकता। निशिकोरी ने पहली बार पांच साल की उम्र में रैकेट उठाया था, और 13 साल की उम्र में चले गए। उन्होंने फरवरी 2008 में डेलरे बीच ओपन में टूर पर अपना पहला खिताब जीता। जापान के पहले पुरु खिलाड़ी जो कभी टॉप 10 में पहुंचे, निशिकोरी ने 2014 में यूएस ओपन सेमीफाइनल में उस समय के टॉप रैंक वाले नोवाक जोकोविच को हराया (वह चैंपियनशिप मैच में मारिन सिलिक से हार गए)। रियो में अपने दूसरे ओलंपिक में, निशिक. ोरी ने कांस्य पदक मुकाबले राफेल नडाल को हराया। हालांकि, निशिकोरी अपने पीक सालों में कई चोटों के कारण एक मुश्किल ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने का मौका चूक गए। अभी उनके करियर में 451 जीत और 12 खिताब हैं। निशिकोरी ने कहा कि ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से मैं फ्स्ट्रेशन और एंग्जायटी से बहुत ज्यादा परेशान हो जाता था, जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था। फिर भी, टेनिस के लिए मेरा प्यार और मेरा यह विश्वास कि मैं एक मजबूत खिलाड़ी बन सकता हूं, मुझे हमेशा कोर्ट पर वापस लाता था। मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जदिगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है।

## फेडरर, नडाल व सिनर की उपलब्धि की बराबरी कर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर अपनी शानदार निरंतरता बनाए रखी, जहां उन्होंने फ्लेवियो कोबोली को आसानी से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

म्यूनिख सेमीफाइनल में कोबोली से हारने के ठीक 12 दिन बाद, ज्वेरेव ने मनोलो सैन्टाना स्टेडियम के अंदर 6-1, 6-4 की जबरदस्त जीत के साथ पासा पलट दिया। दो बार के मैड्रिड चैंपियन ने स्पेनिश राजधानी में अपने चौथे सेमीफाइनल के रास्ते में, अपनी पहली सर्विस पर 39 में से सिर्फ सात अंक गंवाए। ज्वेरेव ने कहा कि कोई बदला नहीं। मैं फ्लेवियो को पसंद करता हूं। वह टूर पर मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक है।

मेरे उसके साथ और उसके पिता के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। यह खेल हैं, खेल बहुत तेजी से बदल सकता है। म्यूनिख में, उसने एक शानदार मैच खेला और मैंने बहुत अच्छा मैच नहीं खेला। आज, शायद इसका उल्टा हुआ। अपनी 90 मिनट की जीत के साथ, ज्वेरेव 1990 में इस सीरीज के शुरू होने के बाद से, सीजन के पहले चार मास्टर्स 1000 इवेंट में से हर एक के सेमीफाइनल में पहुं. चने वाले सिर्फ चौथे खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने रोजर फेडरर (2006), राफेल नडाल (2010, 2011) और जानिक सिनर (2026) की बराबरी की है। एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव इस साल इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में इसी चरण में सिनर से हार गए थे। मैड्रिड सेमीफाइनल में अपने 3-0 के शानदार रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की चाह में, ज्वेरेव का अगला मुकाबला शुक्रवार शाम के सेशन में 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स से होगा। ब्लॉकक्स, जो वर्ल्ड नंबर 69 हैं, ने इससे पहले डिफेंडिग चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।



# जरूरत के अनुसार करें एंटी बायोटिक इस्तेमाल: डा. सिंह






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यू.पी.नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर डी.के. गुप्ता ने कहा कि जरूरत के अनुसार ही एन्टीबायोटिक्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

डा.डी.के.गुप्ता जीपीओ रोड स्थित एक होटल में एसोसिएशन की वैज्ञानिक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस बीमारी मे एन्टीबायोटिक्स की जरूरत हो उसी मे एन्टीबायोटिक्स का इस्तेमाल करना चाहिए। सचिव डॉ राहुल सिंह ने सभी अतिथियो का स्वागत किया। दिल्ली से आये डा. वाई.पी.सिंह ने कहा कि एन्टीबायोटिक्स का उपयोग सही मात्रा मे,सही समय तक करना चाहिए, अगर ऐसा नही करते तो बैक्टीरिया मे प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो जाती है, फिर एन्टीबायोटिक्स काम नही करती है। इसलिए एन्टीबायोटिक्स का ज्यादा इस्तेमाल नही करना चाहिए। डा. साक्षी मलिक ने बताया कि कल्चर रिपोर्ट आने के बाद ही एन्टीबायोटिक्स का उपयोग करना चाहिए क्योकि कल्चर रिपोर्ट से सही एन्टीबायोटिक्स का पता चल जाता है। डा. गौरव प्रताप सिंह ने बताया कि आप्रेशन थियेटर, आई.सी.यू.तथा वार्ड मे कैसे विसंक्रमण करके इन्फेक्शन को कम किया जा सकता है।

इस अवसर पर डा. मोहन पाण्डेय, डा. कलीम अहमद, डा. मोहन सिंह, डा. नरेश नौसरान, डा. अनुपम मलिक, डा. विकास अग्रवाल, डा. सुभाष सहगल, डा. संदीप गर्ग, डा. पूनम मखीजा, डा. रजनीश दहूजा, डा. प्रशान्त खन्ना, डा. उपशम गोयल, डा. गौरव तेहरी, डा. शादाब अन्सारी डा. मनीष गर्ग आदि चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष डॉक्टर अमित पाण्डेय ने किया।

# बहनजी ने सरफराज को बसपा में फिर कराया शामिल, बनाया मुख्य मण्डल प्रभारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चंद दिनों पहले बसपा से अनुशासनहीनता के आरोपो में निष्काषित किये गए वरिष्ठ नेता सरफराज राईन की पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने दोबारा पार्टी में शामिल किया है। साथ ही उनहें मुख्य मंडल प्रभारी बनाकर उन्हें निष्ठा का इनाम भी दिया है।

बता दे कि हाल ही में वरिष्ठ नेता सरफराज राईन को पार्टी के ही कुछ लोगों ने बहनजी को गुम. राह कर पार्टी से निष्कासित करा दिया था। जिसकी जानकारी मिलने पर बहनजी ने सरफराज राइन को न केवल फिर से पार्टी में शामिल किया, बल्कि उन्हें मुख्य मंडल प्रभारी बनाकर पार्टी में उनका कद भी बढा दिया है। सूत्रों से यह भी पता चला है कि सरफराज राईन की झूटी शिकायत कर बसपा सुप्रीमो को गुमराह करने वाले बसपा के कथित ठेकेदार बन रहे पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाकर उनकी हैसियत बताई गई है।

# नौजवान किसान बचाओ यात्रा में उमड़ी भारी भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की नौजवान किसान बचाओ यात्रा का आज नगर से शुभारंभ हुआ। यात्रा में भारी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानू चिब ने आज युवा कांग्रेस की नौजवान-किसान बचाओ यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि आज भाजपा सरकार देश में धर्म और जाति के नाम पर जिस तरह काम कर रही है वह घोर निंदनीय है, भाजपा सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता करके जिस तरह से देश के बाजार को अमेरिकी किसानों के लिए खोला है वह देश के किसानों की रीड तोड़ने वाला है। चिब ने कहा कि देश में बेरोजगारी का यह आलम है की आज युवा रोजगार को तरस रहे हैं। उदय भानु ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और किसान देश की रीड है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व हमजा मसूद ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध घुटने टेकने वाली पार्टी नहीं, बल्कि हम संघर्ष करेंगे और इन जनविरोधी ताकतो का डटकर मुकाबला करेंगे।

यात्रा के पश्चात युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब अपने समस्त साथियों सहित दुर्घटना में घायल युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा को देखने उनके आवास विकास स्थित आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने व पुन: सक्रिय जीवन में लौटने की दुआ की।

पदयात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, हमजा मसूद, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय यात्रा प्रभारी रजत यादव, पीसीसी यात्रा प्रभारी अवनीश काजला, युवा कांग्रेस जनपद प्रभारी आकिब राणा, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर तोमर, पूर्व प्रदेश सचिवगण प्रवीण चौधरी, अशोक सैनी व राहत खलील, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, अनुस. ूचित जाति विभाग प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र शर्मा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, विवेक कांत सिंह, विक्की पूजना, शेखर चौधरी, प्रभजीत सिंह, रजनीश प्रधान, कार्तिक राना, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी, जिला उपाध्यक्ष शाजिया नाज, इमरान कुरेशी अनुज शर्मा, अक्षय चौधरी, अमरदीप जैन, धर्मपाल जोशी, हरिओम मिश्रा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मनीष सहगल, मधु सहगल, आरिफ खान अजय त्यागी, अनिरुद्ध गुरुंग, राजन बिरला, जॉनी बिरला, आरिश सिद्दीकी, संदीप डाबरे, रणबीर बंधुखेड़ी, कुणाल शांडिल्य, गुलशेर अल्वी, नसीब खघन, सोनू राणा, राजकुमार राणा, ध्रुव राणा, नीरज राणा, कार्तिक, अमित राणा, सुधांशु चौधरी, सौरव चौधरी, सुदेश चौधरी, पवन राना, आयुष गोदिया, मनीष गोदियाल, अनूप ठकराल, राकेश वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में सभी फ्रंटल संगठनों व विभागों के पदाधिकारी, कांग्रेसजन व महिलाएं पदयात्रा में शामिल हुई।

## दीक्षा का आयोजन

**सहारनपुर।** शाकुम्भरी मार्ग स्थित सिद्धार्थ नगर, नागल माफी के जेतवन अनाथ पिंडक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दिल्ली से आए वक्ता धर्मेंद्र गौतम ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध के उपदेशों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बुद्ध का मार्ग शांति, करुणा और मानवता का मार्ग है, जिस पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। आचार्य बीर सिंह ने करीब 500 श्रद्धालुओं को विधिवत दीक्षा ग्रहण कराई।

# श्रमिक योजनाओं के लाभार्थियों को हित लाभ का वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से संबोधन का लाईव प्रसारण जनप्रतिनियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं उपस्थित सभी के द्वारा देखा गया।

आईटीसी सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य सभी ने श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिकों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। उक्त के अतिरिक्त विभिन्न श्रम अधिनियमों की जानकारी सभी श्रमिकों को दी गयी। कार्यक्रम में श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत 14 निर्माण श्रमिकों/लाभार्थियों को शिशु मातृत्व एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना में रू. 12,01,825 का हितलाभ वितरण किया गया। इसी के साथ बन्धुआ श्रम उन्मूलन के तहत 15 अवमुक्त बन्धुआ श्रमिकों को रू. 18,75,000 की एफ.डी. हितलाभ वितरित किया गया। कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव गुम्बर, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, जिलाधिकारी अरविन्द्र कुमार चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग, चेम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज से रविन्द्र मिगलानी, आईआईए से रामजी सुनेजा, आईटीसी के जनरल मैनेजर संदीप शर्मा, आईटीसी श्रमिक यूनियन के महामंत्री, इण्डियन हर्ब्स से अशोक धीमान, श्रम विभाग से प्रवीण चन्द्र दत्त, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस. एस. त्रिपाठी, मनोज कुमार, अन्य स्टाफ तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के लगभग 200 श्रमिक, समाजसेवी, ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दायित्व का निर्वहन करती रहेगी संस्था: गोवेन्द्र




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जन चेतना मिशन के अध्यक्ष स.गोवेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्था अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

स.गोवेंद्र सिंह एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन बीस वर्षों में जिस प्रकार से संस्था ने सतत् रूप से लावारिस शवों के दाह संस्कार के माध्यम से सेवा कार्यों की एक भिन्न परिभाषा गढ़ने का प्रयास किया है। इक्कीसवें स्थापना दिवस पर संस्था अपनी कार्यशैली से समाज में सौहार्दता और भाईचारे के नयें आयाम स्थापित करने के नए संकल्प के साथ अपनी अग्रणी भूमिका निभाने का प्रयास करेगी। चेयरमैन सतेंद्र आहूजा ने अनूठे सर्विस प्रोजेक्ट के रूप में लावारिस शवों के दाह संस्कार करने में आने वाले अपने कड़वे अनुभव भी साझा किए। वीरेन्द्र भारती एव देवेंद्र जुनेजा ने बीस वर्ष पूर्व हुई संस्था की स्थापना के पलों को स्मरण करते हुए अन्य संस्थापक सदस्यों के रूप में हरीश अरोड़ा, सुरेंद्र चौहान, रवि बब्बर, सुभाश चावला के रूप में गठित टीम के साथ ही संस्थापक गुलशन नागपाल को उनके सतत कुशल नृतत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

महासचिव राजेश मेहता व संयोजक के एल गुप्ता द्वारा भी भावी कार्यक्रम के आयोजन संबंधित विचार व्यक्त किए गए।

इस अवसर पर मनोज खुराना, नरेश कुमार, विकास खरबंदा, राजीव लट्टू, के.एल. गुप्ता, सौरभ गोयल, सरदार एच एस ग्रोवर, रोहित ढींगरा, रवि खुल्लर, गौरव भसीन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा और खनन अधिकारी के नेतृत्व में 30 अप्रैल को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चौकी क्षेत्र शाहजहांपुर में बिना वैध खनन प्रपत्रों के रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरे हुए थे और नियमानुसार उन्हें मौके पर ही सीज कर दिया गया।

## चार महिला चोर पकड़ी

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चार महिला चोरों को गिरफ्तार किया।

बृहस्पतिवार को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि चार-पांच अज्ञात महिलाओं ने उसकी जेब से 50 हजार रूपए चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मुकदमा उपरोक्त में वांछित चार महिला आरोपियों सरस्वती पतनी रामू, रूमा पत्नी किशोर, नैना पुत्री सिकंदर व नंदनी पत्नी गौरव निवासीगण टेंडवा झुग्गी-झोपड़ी जनपद बरा.ेनी बिहार को छोटी लाईन के पास पड़े खंडहर से गिरफ्तार कर लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही मे आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे रचनात्मक पत्रकारिता के लिए संस्थान द्वारा वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी द्वारा सम्मानित करने पर गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रकारिता का पेशा समाज सेवा व समाज को आयना दिखाना है। तथ्यात्मक व रचनात्मक पत्रकारिता ही समाज व राष्ट्र का भला कर सकती है। उनके सम्मान पर वरिष्ठ पत्रकार एंव शाह टाइम्स के कार्यकारी सम्पादक आनंद बतरा सुमन, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी, आई आई एम टी समूह निदेशक डॉ. अंजू वालिया, उपनिद.ेशक आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, सतेंद्र वैदिक, पपिन चौधरी,विजय सैनी, सुनील चौधरी, अनुज स्वामी, राहुल नौसरान, मुमताज अहमद, शकील अहमद, समीर चौधरी, देवेंद्र धवलहार, जगपाल दत्त स्वामी, हेमंत अरोडा, घनश्याम बादल, एस डी गौतम, रजनीश नौसरान, कोणार्क चौधरी, बिरमपाल प्रधान, कपिल डावर, अजय अग्रवाल, अजीत त्यागी, शाहनवाज मलिक, सुशील शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ खीर का वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ हुआ।

डॉ. अम्बेडकर कौशल मानव समिति द्वारा कांशीराम चौक, गलीरा रोड पर आयोजित कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रो. बिन गौतम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के शाति, करुणा और समानता के संदेश आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता लाई जा सकती है। बुद्ध वंदना के पश्चात समिति की ओर से औषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों के लिए विशाल खीर वितरण का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर बुद्ध के संदेशों को आत्मसात किया।

अध्यक्ष रो. बिन गौतम के साथ प्रीतम सिंह, सोम सिंह, सुशील कुमार मास्टर, सुशील कुमार, गोविन्द, अमित कुमार, रूपचंद, सतीश जी, रामनाथ जी, अश्विनी, विनोद कुमार और अतर सिंह सहित समिति के समस्त पदाधिकारियों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# हरदोई के स्कूल की घटना निंदनीय: मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि हरदोई के स्कूल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण व कडी निंदनीय है।

डा.अशोक मलिक दून पब्लिक स्कूल में संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की मान्यता प्राप्त स्कूलों का सरकार और आम जनतस ने परीक्षा परिणाम नहीं देखा और किताबों को लेकर हंगामा किया जा रहा है सरकार के पास एनसीईआरटी की किताबों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है सरकारी स्कूलों जो मात्र 10% बच्चा पढ़ रहे हैं उनकी पूर्ति हो नहीं पा रही नए सत्र का महीना व्यतीत हो गया है बाजार में एनसीईआरटी की किताबें बड़ी मुश्किल से ब्लैक में मिल पाती है उसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है।

जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार अमजद अली एडवोकेट, महामंत्री अरविंद शर्मा प्रभारी धनंजय शर्मा मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता उपाध्यक्ष केपी सिंह महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत महानगर प्रभारी गययूरआलम महामंत्री हंस कुमार संगठन मंत्री मुजाहिद नदीम आदि ने संबोधित किया।

# मजदूर के साथ मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** पीड़ित मजदूर ने गांव निवासी व्यक्ति पर उसके साथ मारपीट करते हुए गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल पीड़ित की मेडिकल जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पीड़ित दीपक पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम चौरीमण्डी थाना चिलकाना ने बताया कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है जो कि चिनाई का कार्य करता है। 29 अप्रैल को सुबह के समय वह गांव ग्राम चौरी मण्डी के रविदास मन्दिर प्रांगण में लैटरीन बाथरूम बनाने के कार्य में मजदूरी कर रहा था। आरोप है कि उसी समय गांव निवासी विपक्षी धमेंद्र उर्फ मिन्टू पुत्र रमेश द्वारा पीड़ित के साथ अभद्र व्यवहार तथा माँ बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुए ढंग से काम करने के लिए कहा गया। पीड़ित द्वारा यदि इसका विरोध किया गया तो विपक्षी ने तैश में आकर मौके पर पड़े लोहे के सरिये से पीड़ित पर वार कर दिया। जिससे पीड़ित के हाथ की हड्डी टूट गई। पीड़ित ने बताया कि शोरगुल की आवाज सुनकर मौके पर आए आस पास के लोगो ने उसे छुड़ाया। आरोप है कि विपक्षी एक झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है जिसका मन्दिर निर्माण कार्य से कोई लेना देना नही है इसके बावजूद भी उसने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा तथा विपक्षी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

# कॉमर्शियल सिलेन्डर के बढ़ दाम वापस हों: इसरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरकार द्वारा आगामी गेस की समस्या को देखते हुए कमर्शियल सिलेंडर पर 933 रुपये बढ़ाने को सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी ने बताया कि होटल उद्यम आज सबसे बुरे दौर में गुजर रहा है, पहले से ही मंदी की मार झेल रहे होटल व रेस्टोरेंट तथा बेनकेट हाल की हालत खराब है और कठिन दौर से गुजरने के कारण खर्च चलाना भी मुश्किल हो चला है।

इसरार चौधरी ने बताया कि नए रेस्टोरेंट खुलने का प्रतिशत भी ज्यादा है, ऐसे में कमर्शियल सिलेंडर के बढ़े रेट के कारण बाजार में खड़े रहना दुश्वार है, उन्होंने कहा कि होटल व्यवसायी खाने पीने के रेट बढ़ा नही सकता, पहले से ही बाजार में प्रतिस्पर्धा है खर्चे जस के तस है, ऐसे में ग्राहक भी मार्किट से मुह मोड़ लेगा तो होटल और रेस्टोरेंट के साथ बेनकेट हाल भी बंदी की मार झेलने को मजबूर होंगे।

सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सुरैया खान ने भी रेट बढ़ाये जाने से पहले से ही नुकसान में चल रही होटल इंडस्ट्रीज को लेकर चिंता जाहिर की।

सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह ने भी कमर्शियल सिलेंडर पर 933 रुपये बढ़ाये जाने को होटल उद्योग के लिए नुकसान दायक बताया।

सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विशाल यादव ने बताया कि पहले से ही कमर्शियल सिलेंडर पर राशनिंग है, अब तो ओर अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वही होटल, रेस्टोरेंट ओर बेनकेट उद्योग से जुड़े कारोबारियों ने रेट बढ़ाने को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया, वही दिल्ली रोड, अम्बाला रोड, देहरादून रोड, घण्टाघर पर स्तिथ होटल, रेस्टोरेंट, बेनकेट कारोबारियों ने इस कदम को अन्यायपूर्ण बताया, जबकि छोटे व मध्यम दर्जे के होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों में भी सरकार के इस निर्णय से बैचेनी बताई जा रही है।


# बांग्लादेश का विरोध

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा के एक बयान को लेकर गुरुवार को ढाका में भारतीय कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बाघे को विदेश मंत्रालय ने तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराने की बात सामने आई है। यूं तो मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा अपने कई विवादित बयानों को लेकर जाने जाते हैं, लेकिन ताजा मामले में 26 अप्रैल को हेमंत बिसवा ने कहा था कि असम में पकड़े गए 20 विदेशी नागरिकों को पुशबैक कर बांग्लादेश भेज दिया गया है। तभी से उनके इस बयान पर विवाद शुरू हो गया और बांग्लादेश ने ऐतराज जताना शुरू कर दिया। बांग्लादेश के अधिकारियों ने उनकी इस टिप्पणी को काउंटर प्रोडक्टिव बताया और साफ कहा कि इससे दोनों देशों के बीच विश्वास पर असर पड़ सकता है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप से बेहद मजबूर रहेंगे। इन रिश्तों की नींव 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पड़ी थी। जब भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी। यह आजादी हमारे जवानों ने अपनी जान की बाजी खेलकर पाकिस्तान से दिलाई थी, लेकिन देखने में आ रहा है कि पिछले कुछ समय से बांग्लादेश के साथ रिश्ते हमारे ठीक दिशा की ओर नहीं जा रहे हैं। विशेषकर घुसपैठियों को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव देखने में आता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कोई भी देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा, भारत भी नहीं। अगर भारत सरकार यह चाहती है कि कोई विदेशी घुसपैठिया भारत में प्रवेश न करे, तो उसका हर कोई समर्थन करेगा और इस पर किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि बांग्लादेश हमारा पड़ोसी देश व परम मित्र है, तो ऐसे में घुसपैठिए को लेकर टिप्पणी में संयम बरतना भी चाहिए। वह टिप्पणी इस अंदाज में नहीं होनी चाहिए जिससे किसी देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचती हो। दुर्भाग्य से ऐसा कई बार देखने में आया कि जब सरकार में जिम्मेदार पदों पर बैठे व्यक्ति ने घुसपैठिए को लेकर कठोर टिप्पणी कर डाली। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा सरमा तो दिन-रात बांग्लादेश घुसपैठियों का राग अलापते ही रहते हैं। जाहिर है ऐसे में यह मुद्दा बेहद संवेदनशील बन जाता है। जिस तरह आज दुनिया का हाल हमारे सामने है, उसको देखते हुए भारत को विदेशी संबंधों के मामले में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केवल राजनीतिक एजेंडा पूरा करना ही काफी नहीं होता, बल्कि दूरगामी परिणाम भी देखने होते हैं। जैसाकि इस समय देखने में भी आ रहा है कि ढाका में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद दोनों देशों के संबंध बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

# डेंगू और मलेरिया को लेकर रहना होगा सतर्क

डेंगू और मलेरिया दोनों ही रोग मच्छर जनित हैं। फर्क इतना है कि मलेरिया का मच्छर रात में काटता है, जबकि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है, इसलिए दोनों रोगों को लेकर अभी से सतर्क रहना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सरकारी परामर्शों के अनुसार बीमारियों से बचने के लिए तुरंत अहतियाती उपाय शुरू कर देने चाहिए। कूलर, गमले, टायर और खुले बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक पानी जमा न रहने दें, दिन में सोते समय भी मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बाजू के कपड़े और फुल पैंट पहनें। विशेषकर बच्चों के लिए घर में सुबह और शाम को मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें। घर के आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करें। तेज बुखार, कमजोरी, या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह लें। यह याद रखना चाहिए कि सावधानी हटी, बीमारी बढ़ी।

**डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है।**





रोहिताश सिंह वर्मा


इसलिए सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। डेंगू बुखार आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हर चरण के साथ लक्षण और भी गंभीर होते जाते हैं। पहले तेज बुखार के बाद अगले लक्षण दिखाई देते हैं, जो गंभीर बीमारी का संकेत देते हैं। जब डेंगू के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं, तो खून में प्लेटलेट की संख्या घटनी शुरू हो जाती है। यही वह अवस्था है, जो एक रोगी को शारीरिक और मानसिक बीमार कर देती है। इसलिए इसका समय रहते इलाज जरूरी है। मेडिकल शिक्षा के अनुसार जुलाई से अक्टूबर तक बारिश के कारण चारों तरफ पानी जमा हो जाता है, जो डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने के लिए सबसे अनुकूल माहौल होता है, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में रहना पसंद करता है। सितंबर और अक्टूबर में डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा उछाल देखा जाता है। नवंबर में भी कभी-कभी शुरुआती सर्दियों के महीनों में भी डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं, क्योंकि उस समय भी मच्छर पनपते रहते हैं। मलेरिया फैलाने वाले मादा एनाफिलीज मच्छर के लारवा मुख्य रूप से बरसात के मौसम (जुलाई से सितंबर-अक्टूबर) के दौरान सबसे तेजी से वृद्धि करते हैं।

इस दौरान मच्छर के प्रजनन और लारवा के पनपने के लिए सबसे अनुकूल स्थितियां होती हैं। गर्मी में भी मार्च से लेकर मई में भी जब लोग पानी जमा करके रखते हैं, तब भी कूलर और पानी की टंकियों में मच्छर तेजी से पनप सकते हैं। अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में 4 से 14 दिन लगते हैं। नेशनल सेंटर फार वेक्टर-बॉर्न डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया कई क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी इस बीमारी से प्रभावित क्षेत्रों में रहती है। मलेरिया तब होता है जब संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर प्लास्मोडियम परजीवी को रक्तप्रवाह में इंजेक्ट करता है। परजीवी परिपक्व होने के लिए यकृत(लीवर) में चले जाते हैं, फिर लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी)को संक्रमित करने के लिए रक्तप्रवाह में वापस आ जाते हैं, जिससे मलेरिया के लक्षण पैदा होते हैं। संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10 से 15 दिन बाद मलेरिया के लक्षण आम तौर पर दिखाई देते हैं। सामान्य लक्षणों में तेज बुखार के चक्रीय एपिसोड जिसके बाद ठंड लगना और पसीना आना, गंभीर सिरदर्द होना आम बात है, कुछ लोगों को मतली और उल्टी जैसे जठरांत्र संबंधी लक्षण अनुभव होते हैं, सामान्य मांसपेशियों में दर्द और अत्यधिक थकान, परजीवियों द्वारा लाल रक्त कोशिक. ाओं को नष्ट करने के परिणामस्वरूप एनीमिया, लीवर की वजह से गंभीर मामलों में त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, संक्रमित लाल रक्त कोशिकाओं को निकालने की को. शिश करने पर तिल्ली बढ़ सकती है, गंभीर मामलों में विशेष रूप से प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के साथ सेरेब्रल मलेरिया (मस्तिष्क को प्रभावित करना), श्वसन संकट, अंग विफलता और मृत्यु जैसी जटिलताएं हो सकती हैं।

डेंगू के प्रमुख लक्षण: अचानक बहुत तेज बुखार (102-103) आना। आंखों के पीछे बहुत तेज दर्द होना। जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द (जिसे हड्डी तोड़ बुखार) भी कहा जाता है। इसके अलावा जी मिचलाना, उल्टी और त्वचा पर लाल चकत्ते आना। एडीज एजिप्टी नाम का मच्छर डेंगू को फैलाता है। यह मच्छर किसी डेंगू से बीमार व्यक्ति को काटता है और उसका खून पीने के साथ ही डेंगू वायरस भी अपने शरीर में ले लेता है, लेकिन यह वायरस तुरंत किसी और को संक्रमित नहीं कर सकता। इस वायरस को पूरी तरह से एक्टिव होने में 8 से 12 दिन लगते हैं। तब तक यह वायरस उस मच्छर के पेट में ही रहता है। इस समय के बीत जाने के बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो अपने साथ लाया हुआ खतरनाक डेंगू वायरस उस व्यक्ति के खून में छोड़ देता है। यही वायरस उस व्यक्ति को बीमार बना देता है, जिसे हम डेंगू बुखार कहते हैं। डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या में उतार-चढ़ाव आता है। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति का प्लेटलेट्स 1.5 से 4 लाख यूनिट के बीच होना चाहिए। यदि प्लेटलेट्स 1 लाख से कम हो जाते हैं, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत देता है।

## श्रीमुख से...

### श्रम संहिता से कामगारों की स्थिति कमजोर हुई



बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नीतियों का परिणाम है और सरकार ने जो श्रम संहिता लागू की है, उससे कामगारों की स्थिति कमजोर हुई है, इसके अलावा ठेका श्रमिक व्यवस्था तथा हायर एंड फायर जैसी नीतियों को बढ़ावा दिया गया है, इन श्रम कानूनों की समीक्षा की जानी चाहिए, मनरेगा को कमजोर कर दिया गया है और मजदूरी के खर्च का बड़ा हिस्सा राज्यों पर डाल दिया गया है, जिससे राज्यों के लिए योजना को प्रभावी ढंग से चलाना कठिन हो गया है, सरकार की नीतियों के कारण श्रमिकों को असंगठित और गिग कार्य की ओर धकेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को मजबूर हैं, महंगाई को ध्यान में रखा जाए तो पिछले वर्षों में मजदूरी वृद्धि बहुत कम रही है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# जनता की भी तो सुनो बालेन सरकार...





यशोदा श्रीवास्तव

इसमें दो राय नहीं कि नेपाल की बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। वेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ जीत मिली है जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है। जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। बता दें कि काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। सरकार के इस निर्णय पर नेपाली कांग्रेस की ओर से आई प्रतिक्रिया में कहा गया है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारे सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे,बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है। काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुम्बासी बस्ती पर सरकारी बुलडोजर चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है। नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकम्बासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं।बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

# शरीर पर चढ़ाना है मांस, तो मोरिंगा के पत्तों का करें इस्तेमाल

आजकल के बच्चे हरी सब्जियां खाना बिलकुल पसंद नहीं करते हैं। हरी सब्जियों को घास-फूस समझते हैं, लेकिन यह लोग नहीं जानते कि इनमें प्रोटीन का खजाना छिपा है, जो शरीर को ताकत देती है। ऐसे ही सहजन पेड़ के पत्ते होते हैं। इन्हें मोरिंगा के पत्ते भी कहा जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक इनके अंदर दूध, दही, पनीर से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। वहीं, इनमें कैल्शियम की कमी पूरी की जा सकती है। चलिए आपको इसके फायदे के बारे में बताते हैं।

**हस्ट-पुष्ट होगी बॉडी**

मोरिंगा के पत्तों में दूध, दही और अंडे से भी ज्यादा प्रोटीन होता है। मोरिंगा के पत्तों को पाउडर बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है। इसे आप सलाद, अंडे, पास्ता के ऊपर छिड़कर खा सकते हैं। इसे सूप, डिप्स बनाकर खा सकते हैं। इसे जूस, नारियल पानी, स्मूदी, आइसक्रीम में मिलाकर खा सकते हैं।

**10 गुना प्रोटीन और 20 गुना कैल्शियम का सोर्स मोरिंगा**

शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन डाइट का विकल्प बहुत ही कम मिलता है। शाकाहारी लोगों के लिए दूध प्रोटीन का मुख्य सोर्स होता है। यूएसडीए के मुताबिक 100 ग्राम दूध 3.28 ग्राम प्रोटीन देता है। हालांकि, यूएसडीए के मुताबित 100 ग्राम मोरिंगा पाउडर से 33 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन मिलता है। बता दें कि, इतना पोषण तो अंडा में भी नहीं मिलता। हड्डियों को मजबूत करने में मोरिंगा पाउडर अधिक बलशाली है। जहां दूध से करीब 123 उह कैल्शियम मिलता है, वहीं इतनी ही मात्रा में मोरिंगा पाउडर 2667 mg कैल्शियम देता है।




**आंखों के लिए फायदेमंद**

मोरिंगा पाउडर आपकी आंखों और इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकता है, क्योंकि इसमें विटामिन यह की भरमार होती है। जो आपकी नजर और इम्यूनिटी को तेज करने में मदद करता है।

**शुगर लेवल को कंट्रोल करता है**

डायबिटीज रोगियों के लिए यह चूर्ण रामबाण इलाज बन सकता है। यह ब्लड शुगर कम करने वाले गुणों की वजह से डॉक्टर इसका ज्यादा सेवन करने से मना करते हैं। क्योंकि यह ब्लड ग्लूकोज को बहुत ज्यादा भी गिरा सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल से राहत दिलाता**

गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करने में मोरिंगा लीव्स काफी फायदेमंद है। नसों में कोलेस्ट्रॉल जमने से दिल पर प्रेशर बढ़ जाता है। यह दिल का दौरा का कारण भी बन सकता है।

## हर मौसम के लिए नहीं है कॉफी, गर्मी में हो सकता है नुकसान

गर्मियों में थोड़ी देर के लिए भी घर से बाहर जाने से शरीर की एनर्जी कम होने लगती है। भीषण गर्मी और धूप से बचाव करने के लिए हमें अपनी डाइट का सही ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। साथ ही ऐसे खाने से दूरी बनानी चाहिए, जो गर्मियों में आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाए। ऐसा ही एक फूड आइटम कॉफी है। हर व्यक्ति रोजाना दिन में एक-दो कप कॉफी पी लेता है। वहीं भीषण गर्मी में भी लोग ऑफिस आदि में कॉफी पीते हैं। भले ही एक कप कॉफी काम में एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती हो, लेकिन इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। क्योंकि गर्मियों में हमारे शरीर का तापमान बढ़ा होता है, ऐसे में आपको अपने शरीर को ठंडक पहुंचाने की जरूरत होती है। लेकिन कॉफी शरीर को ठंडा करने में मदद नहीं करती है। कॉफी में कैफीन की मात्रा पाई जाती है। वहीं अगर आप कॉफी का अधिक सेवन करते हैं, तो इससे आपके शरीर का टेंपरेचर बढ़ सकता है और पसीने की मात्रा बढ़ सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्मियों में डिहाइड्रेशन होना एक आम परेशानी है, ऐसे में आप कॉफी की जगह पानी पीते रहें। इससे आपका शरीर भी ठंडा रहेगा। कॉफी में मौजूद कैफीन आपके शरीर के टेंपरेचर को बढ़ाने का काम कर सकती है। जो गर्मी में आपके लिए असहनीय हो सकता है। शरीर का तापमान बढ़ने से पसीना अधिक आ सकता है।

# अल-कायदा ने भी पाक के खिलाफ छेड़ी लड़ाई

## ईरान व अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा इस्लामाबाद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश में घरेलू मोर्चे पर घिरता जा रहा है। दरअसल खुफिया रिपोर्ट में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा, पाकिस्तान में अशांति भड़काना चाहता है और उसने इसकी कोशिशें भी शुरू कर दी हैं।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अल-कायदा को लेकर यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब पहले से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अल कायदा, अफगान तालिबान के समर्थन में ही पाकिस्तान के खिलाफ हुआ है। खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अल-कायदा की मीडिया इकाई ने पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। अल कायदा का मानना है कि पाकिस्तान सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं। अल-कायदा ने पाकिस्तान सेना और अफगानिस्तान में उसकी



**पाक सरकार पश्चिमी देशों के करीब जा रही है, जिससे क्षेत्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं: अल कायदा**

भूमिका की आलोचना करते हुए अपने समर्थकों से पाकिस्तान में शासन के खिलाफ लड़ाई छेड़ने का आह्वान किया है। एक खुफिया ब्यूरो अधिकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम अपेक्षित था। पाकिस्तान न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, बल्कि वह अल-कायदा के प्रतिद्वंद्वी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) को भी बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएसकेपी ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मोर्चा संभाला है। हालांकि पहले आईएसकेपी पाकिस्तान के खिलाफ बोलता रहा है, लेकिन अब वह उसका सहयोगी बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईएसकेपी का मुख्य लक्ष्य तालिबान के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करना है। तालिबान के कमजोर होने से आईएसकेपी को अफगानिस्तान में विस्तार का मौका मिल सकता है। हालांकि अब तक अफगान तालिबान ने आईएसकेपी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। वर्तमान हालात में अल-कायदा को लगता है कि वह पाकिस्तान में जनभावनाओं का फायदा उठाकर आंतरिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोग सरकार और खासकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हैं, लेकिन सेना की सख्ती के कारण उनकी आवाज दबा दी गई है। अल-कायदा इन्हीं भावनाओं को भुनाने की कोशिश कर रहा है।

## ईरान में इंटरनेट बैन से ऑनलाइन अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर

**तेहरान।** ईरान की लगभग नौ करोड़ की आबादी पिछले दो महीनों से इंटरनेट पर भारी पाबंदियों का सामना कर रही है। यह 'ब्लैकआउट' दुनिया के सबसे लंबे और सख्त प्रतिबंधों में से एक बन गया है, जिसने देश की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था को पूरी तरह तबाह कर दिया है। इंटरनेट बंद होने का सबसे बुरा असर छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ा है। फैशन, फिटनेस, विज्ञापन और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबारियों की आय पूरी तरह खत्म हो गई है। गौरतलब है कि ईरान की ऑनलाइन अर्थव्यवस्था ने लंबे समय तक सरकारी पाबंदियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद खुद को संभाले रखा था लेकिन अब यह चरमरा गई है। अमेरिका और इजरायल के साथ हुए अस्थिर और नाजुक समझौते के बावजूद, ईरान के शासकों ने इंटरनेट सेवा बहाल करने से इनकार कर दिया है।



**बीकानेर। राजस्थान में गर्मी के दिनों में मिट्टी के बर्तनों को बिक्री के लिए सजाता विक्रता।**

## आंग सान सू की को जेल से घर नजरबंद किया, सजा में भी कटौती

**नेपीडा।** म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। सरकारी मीडिया ने आधिकारिक बयानों के हवाले से बताया कि कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी।

# होर्मुज में 90% घटी जहाजों की आवाजाही

## गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद दर्ज हुई

**लंदन/दुबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में भारी कमी आई है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के आकलन के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से यातायात 90 फीसदी से अधिक घट गया है। यह गिरावट अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों तथा तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद हुई है।

ब्रिटेन के समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने 1 मार्च से 27 अप्रैल के बीच 40 से अधिक घटनाओं की सूचना दी है। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले, क्षति, उत्पीड़न और बाल-बाल बचने की घटनाएं शामिल हैं। निंगरानी टीम ने बताया कि कम से कम 26 घटनाओं में व्यापारिक जहाजों पर सीधे हमले हुए। तनाव बढ़ने से पहले, 28 फरवरी को, प्रतिदिन करीब 130 जहाज इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे। अब यह संख्या प्रतिदिन 10 से भी कम जहाजों पर आ गई है।

इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग में से एक लगभग ठप हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा शिपिंग का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। वाशिंगटन और तेहरान के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष के कारण इसमें बड़ी बाधाएं आई हैं। यूकेएमटीओ के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थिति के कारण खाड़ी के अंदर 850 से 870 बड़े व्यापारिक जहाज फंसे हुए हैं।



**शांति के प्रयासों को झटका यूएई बोला: होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर नहीं किया जा सकता है भरोसा**

सुरक्षा जोखिमों के कारण वे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यूकेएमटीओ के संचालन प्रमुख कमांडर जो ब्लैक ने कहा कि उनकी पहली चिंता नाविकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि करीब 20000 नाविक ऐसे जहाजों पर हैं जो कहीं नहीं जा रहे हैं। चालक दल में बदलाव नहीं हो रहा है और आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कमांडर जो ब्लैक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चिंताएं बढ़ेंगी। यूकेएमटीओ लाल सागर, खाड़ी क्षेत्र और उत्तरी हिंद महासागर में जहाजों के लिए एक प्रमुख समुद्री सुरक्षा सूचना केंद्र के रूप में कार्य करता है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र में लंबे समय तक व्यवधान वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित कर सकता है। वहीं पश्चिम एशिया में जारी जंग को सुलझाने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा और मंथन जारी है। कई बार शांति वार्ता और बैठकें भी हुई हैं, जिनका कोई खास असर नहीं देखने को मिला है। इसी बीच संयुक्त अरब अमीरात ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल, संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह बयान ईरान युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में गहरे अविश्वास का संकेत है। संघर्ष के दो महीने बाद भी यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग ईरानी नाकाबंदी के कारण बंद है। अमेरिकी नौसेना ईरानी कच्चे तेल के निर्यात को रोक रही है। इस नाकाबंदी ने दुनिया की 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति बाधित की है। इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ी हैं और आर्थिक मंदी की चिंताएं बढ़ी हैं। बता दें कि, 8 अप्रैल से अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम लागू है, लेकिन नए सैन्य हमलों की खबरों से तेल की कीमतें बढ़ीं। ईरान ने हवाई सुरक्षा सक्रिय की है और हमले की स्थिति में व्यापक प्रतिक्रिया की योजना बनाई है।

### ईरानी सीमाओं की घरोबंदी भौगोलिक रूप से असंभवः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को भौगोलिक रूप से अंसभव बताते हुए इसे चुनौती किया। उन्होंने कहा कि ईरान की सीमाओं का विशाल आकार किसी भी देश के लिए उसे पूरी तरह बंद करना असंभव है। कालीबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ईरान के भूगोल की तुलना करते हुए सुझाव दिया कि यदि अमेरिका में दो लंबी दीवारें बनाई जाएं, एक न्यूयॉर्क शहर से पश्चिमी तट तक और दूसरी लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक, तो भी उनकी कुल लंबाई ईरान की सीमाओं के बराबर नहीं होगी। उन्होंने लिखा कि यदि आप न्यूयॉर्क से पश्चिमी तट तक और लॉस एंजिल्स से पूर्वी तट तक दो दीवारें बनाते हैं, तो उनकी कुल लंबाई 7755 किलोमीटर होगी, जो ईरान की कुल सीमाओं से लगभग 1000 किलोमीटर कम है। इतनी बड़ी सीमाओं वाले देश की घेराबंदी करने के लिए आपको शुभकामनाएं। कालीबाफ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के लिए एक विशेष नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने दूरी मापने की इकाई समझाते हुए कहा, पीएस पीट हेगसेथ के लिए-1 किलोमीटर =0.62 मील। ईरान की धरती और समुद्री सीमाएं 8,700 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं।

## अमेरिकी संसद चीन निर्मित एआई मॉडलों की कर रही जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर-गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी

**चीनी कंपनियां 'मॉडल डिस्टिलेशन' नाम की तकनीक का इस्तेमाल कर रही**

खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में 'एनीस्फीयर' और 'एयरबीएनबी' जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

## संक्षिप्त समाचार

### एर्दोगन और रूसी राजदूत ने तुर्की-रूस सहयोग पर चर्चा की

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को रूसी राजदूत सर्गेई वर्शिनिन से मुलाकात की और रूस और तुर्की के बीच सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी तुर्की में रूसी दूतावास ने गुरुवार को दी। दूतावास ने टेलीग्राम पर कहा कि एर्दोगन ने वर्शिनिन को तुर्की में रूसी राजदूत के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी और उनके काम में सफलता की कामना की। बातचीत के दौरान, रूस-तुर्की सहयोग के वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की गई और रूस तथा तुर्की के लोगों की समृद्धि और कल्याण के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को मजबूत करने के प्रति रूस और तुर्की की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

### एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती (वैसाख दिवस) के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष वैसाख का यह अवसर ऐसे समय में आया है जब दुनिया भू-राजनीतिक तनावों, विभाजन और संघर्षों से जूझ रही है।

### अमेरिका के स्कूल में हुए चाकू हमले में पांच लोग घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के टैकोमा शहर के एक स्कूल में चाकू से हुए हमले में चार स्कूली बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी एबीसी प्रसारक ने स्थानीय पुलिस के हवाले से दी। घायलों की सूची में एक सुरक्षा गार्ड और हमलावर भी शामिल है, जिसे हिरासत लिया गया है। पुलिस के अनुसार, हमलावर उसी स्कूल में पढ़ता है लेकिन हमले के कारण का अभी पता नहीं चला है। जांच जारी है।

## बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू करने की अपील की

**स्ट्रासबर्ग/ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। सांसदों का कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा या बल प्रयोग को ही आधार न माना जाए, बल्कि 'सहमति' के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए। संसद में भारी बहुमत से पास हुई इस रिपोर्ट में मांग की गई है कि सभी सदस्य देश अपने पुराने कानूनों को बदलें।

सांसदों ने साफ कर दिया है कि सहमति का मतलब केवल 'हां' होना चाहिए। अगर कोई महिला चुप है, विरोध नहीं कर पा रही है या उसने साफ तौर पर 'ना' नहीं कहा है, तो इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उसकी सहमति थी। यहां तक कि पुराने रिश्तों या पहले दी

**पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले: संसद**

गई किसी सहमति को भी मौजूदा मामले में आधार नहीं बनाया जा सकता। सांसदों का तर्क है कि कई बार डर, नशे, बेहोशी या किसी मजबूरी की वजह से पीड़ित विरोध करने की स्थिति में नहीं होता। कभी-कभी सदमे की वजह से शरीर सुन्न पड़ जाता है, जिसे कानून और अदालतों को समझना होगा। संसद चाहती है कि पीड़ितों को तुरंत डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक मदद और कानूनी सलाह मिले। इसके लिए हर वक्त खुले रहने वाले सहायता बनाने की बात भी कही गई है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस, जज और वकीलों को खास ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे पीड़ितों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं।

# अफगानिस्तान सीमा के पास 13 दहशतगर्द ढेर

## पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा में की कार्रवाई

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कम से कम 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने शुक्रवार को दी। अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बताया कि फिटना-अल-ख्वारिज से जुड़े आतंकवादी 28 और 29 अप्रैल को मोहम्मंद और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में मारे गए। फितना अल-ख्वारिज एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करने के लिए करती है। मोहम्मंद जिले में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के रास्ते घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिजों के एक समूह की गतिविधियों का पता लगाया। बयान में कहा गया है कि सैनिकों ने समूह के साथ प्रभावी ढंग से मुठभेड़ की और आठ ख्वारिज



मारे गए। एक अन्य मुठभेड़ में, सैनिकों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास ख्वारिजों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के एक और प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया और भीषण गोलीबारी के बाद पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। दरअसल, क्षेत्र में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा था। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय कार्य योजना पर संघीय सर्वोच्च समिति की ओर से अनुमोदित अज्म-ए-इस्तेहकाम की दृष्टि के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा। बयान में आगे कहा गया है, अफगान तालिबान शासन को अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। इसके साथ ही ख्वारिज की ओर से अफगान भूमि के उपयोग और पाकिस्तान के अंदर आतंकवाद में अपने नागरिकों की संलिप्तता को रोकना चाहिए। रिकॉर्ड संख्या में आतंकवादियों की मौत के बावजूद पाकिस्तान में 2025 में आतंकवादी हिंसा में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई, जिसमें आतंकवादी हमलों में 34 प्रतिशत और आतंकवाद से संबंधित मौतों में साल दर साल 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह जानकारी इस्लामाबाद स्थित पाक इंस्टीट्यूट फार पीस स्टडीज की ओर से जारी एक रिपोर्ट में दी गई है। पिछले एक साल में विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है।

### बालेन्द्र शाह ने दी देशवासियों को बुद्ध जयंती की बंधाई


**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर विश्व शांति की कामना करते हुए कहा है कि सच्ची क्रांति 'क' से नहीं, बल्कि 'ज्ञ' यानी 'ज्ञान' से शुरू होती है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में भगवान बुद्ध के उपदेशों को उद्धृत करते हुए लिखा कि बुद्ध ने कहा था कि दुख है, दुख का कारण है, दुख का निवारण है और दुख निवारण का मार्ग भी है। उन्होंने कहा कि बुद्ध द्वारा दिखाया गया रास्ता वास्तव में दुख के निवारण का मार्ग है। नेपाली प्रधानमंत्री ने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अंधेरा केवल प्रकाश का अभाव है।

# एपस्टीन ने मरने से पहले लिखा था सुसाइड नोट

## 7 साल से अदालत में सील, जांच एजेंसियों को भी नहीं मिला ये अहम सबूत

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मरने से पहले उसके सुसाइड नोट लिखने का दावा किया गया है। यह कथित सुसाइड नोट पिछले करीब 7 साल से न्यूयार्क की अदालत में सील है। इस वजह से इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक एपस्टीन की मौत की जांच कर रही एजेंसियों को भी यह अहम सबूत नहीं मिला। अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट जुलाई 2019 में एपस्टीन के साथी कैदी निकोलस टारटाग्लियोने को मिला था। उस समय एपस्टीन जेल में बेहोश हालत में मिला था और उसकी गर्दन पर कपड़ा बंधा हुआ था। उस घटना में उनकी जान बच गई थी।



**अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उसकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था**

लेकिन कुछ हफ्तों बाद जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे मेडिकल अधिकारियों ने आत्महत्या बताया। टारटाग्लियोने के मुताबिक, इस नोट में लिखा था कि जांच एजेंसियों ने महीनों तक एपस्टीन की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। नोट में यह भी लिखा था, आप मुझसे क्या चाहते हैं, क्या मैं रोऊं? अब अलविदा कहने का समय है। हालांकि, अमेरिकी जस्टिस डिपोर्टमेंट का कहना है कि उनके पास यह नोट नहीं है, इसलिए वे इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट बाद में टारटाग्लियोने के अपने आपराधिक केस का हिस्सा बन गया और एक फेडरल जज ने इसे सील कर दिया। इसी वजह से एपस्टीन की मौत की जांच करने वालों को यह अहम सबूत नहीं मिल पाया। न्यूयार्क टाइम्स ने हाल ही में अदालत से इस नोट को सार्वजनिक करने की मांग की है। इसी बीच, रिकॉर्ड में मौजूद दो पेज की टाइमलाइन बताती है कि टारटाग्लियोने के वकीलों ने इस नोट को असली बताया, लेकिन कैसे, यह साफ नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट की प्रवक्ता ने कहा कि एपस्टीन केस से जुड़े सभी दस्तावेज जुटाने के लिए एजेंसी ने काफी कोशिश की, जिसमें जेल ब्यूरो और इंस्पेक्टर जनरल आफिस के रिकॉर्ड भी शामिल थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)